# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-07-2021

# डॉक्टर केके मिश्रा अपहरणकांड का आरोपी 14 साल बाद गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शाहपुर इलाके के गीता वाटिका के पास रहने वाले ह्दय रोग विशेषज्ञ डा. केके मिश्रा के अपहरण के आरोपित अभोरिक यादव को 14 साल बाद गोरखपुर क्राइम ब्रांच और खोराबार एसओ अतुल सिंह ने सयुक्त आपरेशन बानपोखर मंदिर के आगे फोरलेन अण्डरपास के नीचे से गिरफ्तार किया। मऊ जिले के मधुबन का रहने वाला अभोरिक किसी वारदात को अंजाम देन गोरखपुर आया था। वर्ष 2007 से फरार चल रहे अभोरिक पर गोरखपुर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इस कांड में अन्य आरोपित पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। हालांकि उसका एक साथी अजीज अहमद अभी भी फरार है। उसके ऊपर भी 50 हजार का इनाम घोषित है।

**50 हजार के इनामी अभोरिक यादव को क्राइम ब्रांच और खोराबार पुलिस ने दबोचा**

**मऊ के मधुबन के अभोरिक ने साथियों के साथ मार्च 2007 को किया था अपहरण**



**पुलिस लाइन में गिरफ्तार अपहरणकर्ता अभोरिक यादव के साथ पत्रकारवार्ता करते एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु।** फोटो : एसएनबी

शाहपुर थाने के असुरन के निकट गीतावाटिका रोड पर रहने वाले डक्टर केके मिश्रा छह मार्च 2007 को अपनी कार से चौरीचौरा के सरदारनगर से मरीज देकर लौट रहे थे। खोराबार थाने के कुसम्ही जंगल में बदमाशों ने उनका अपहरण कर लिया था। डाक्टर मिश्रा के घर न पहुंचने पर उनके भाई कमल किशोर मिश्रा ने चौरीचौरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में जुटी पुलिस को डक्टर मिश्रा के अपहरण की जानकारी सामने आई। अपहर्ताओं ने उन्हें छोड़ने के बदले 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी। अपहरण की घटना समाने आने के बाद सनसनी फैल गई। पुलिस ने किसी तरह से उन्हें बरामद किया। हालांकि यह भी चर्चा रही कि फिरौती देने के बाद ही उन्हें छोड़ा गया था पर इस बात को न तो उस समय की पुलिस ने स्वीकार किया था और न ही डाक्टर मिश्रा या उनके परिवार ने। पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी शुरू की तो अपहरण में करीब दर्जन भर बदमाशों का नाम सामने आया था। इनमें से एक अभोरिक यादव भी था। पुलिस ने एक के बाद एक कर अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में मुख्य आरोपित भानु प्रताप यादव बांके पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। जबकि भोरिक यादव और अजीज फरार चल रहे थे। गोरखपुर पुलिस ने इनके ऊपर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

**अभोरिक की गिरफ्तारी पुलिस था चुनौती :एसएसपी :** एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने बताया कि मऊ जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के सिहुलिया के रहने वाले अभोरिक यादव को खोराबार इंस्पेक्टर राहुल सिंह और क्राइम ब्रांच की टीम ने शुक्रवार को खोराबार इलाके में फोरलेन अंडर पास से गिरफ्तार किया। एसएसपी ने बताया कि अभोरिक करीब 14 साल से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी है। एक अन्य आरोपित अजीज अभी फरार चल रहा है उसकी तलाश जारी है। जिस समय डाक्टर का अपहरण हुआ था उस समय यह घटना पूरे प्रदेश में गुंज रहा था।

# तिवारीपुर पुलिस ने लापता मासूम को तीन घंटे में किया बरामद

गोरखपुर (एसएनबी)। तिवारीपुर थाना क्षेत्र के घोसीपुर मोहल्ले से शुक्रवार की शाम अचानक लापता हुए वच्चे को पुलिस ने तीन घंटे के अंदर ही सही सलामत वरामद कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार प्रभु ने पुलिस टीम को 25000 ईनाम दिये जाने की घोषणा की है।

**एसएसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार ईनाम दिये जाने की घोषणा की**

मिली जानकारी के मुताविक तिवारीपुर थाना क्षेत्र के घोसीपुर के रहने वाले महेंद्र कुशवाहा का 5 साल का वेटा कृष्णा कुशवाहा घर के वाहर खेल रहा था। वह तभी अचानक लापता हो गया। परिवार के लोगों ने आसपास वच्चे की तलाश किया। जव वच्चा नहीं मिला तो उन्होंने तिवारीपुर थाने को वच्चे की गुमशुदगी की सूचना दी। तिवारीपुर थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए उच्च अधिकारी को अवगत कराते हुए वच्चे की तलाश शुरू कर दी। इसी वीच गोरखपुर एसएसपी ने वच्चे की गुमशुदगी को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी कोतवाली विमल कुमार सिंह, थाना प्रभारी राजघाट विनय कुमार सरोज समेत अन्य पुलिस फोर्स को वच्चे की तलाश में लगा दिया। पुलिस वच्चे को तिवारीपुर थाना समेत रेलवे स्टेशन वस स्टेशन महत्वपूर्ण जगहों पर तलाश करने लगी साथ ही वच्चे की फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल कर ढूंढा गया। एसएसपी और उनकी पुलिस टीम की सक्रियता से गुमशुदा वच्चा तिवारीपुर थाना क्षेत्र के ग़ाज़ीरौज़ा से रात 8:00 वजे वरामद कर लिया गया। पुलिस द्वारा महज दो घंटे में वच्चे की वरावरी से खुश होकर महेंद्र कुशवाहा व उनकी पत्नी ने पुलिस का न्यवाद दिया। वच्चे को वरामद करने वाली टीम में थाना प्रभारी तिवारीपुर सत्य प्रकाश सिंह, सव इंस्पेक्टर गुरुप्रसाद, सव इंस्पेक्टर राहुल दुवे, कांस्टेवल सुभाष चंद्र, भानु प्रताप सिंह, ववलू कश्यप, जितेंद्र चौधरी, आनंद कुमार, अमितेश प्रजापति, अमरदीप यादव, जयप्रकाश शामिल रहे।

# डॉक्टर केके मिश्रा अपहरण कांड का आरोपित 14 साल बाद गिरफ्तार

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (9 July):** बहुचर्चित डॉ. केके मिश्रा अपहरण कांड में 14 साल से फरार अभोरिक यादव को क्राइम ब्रांच की टीम ने अरेस्ट किया है. उसके खिलाफ 50 हजार रुपए का इनाम जारी था. एसएसपी ने बताया कि अभोरिक के दूसरे अजीज अहमद की तलाश जारी है. घटना में शामिल अन्य आरोपित पहले पकड़े जा चुके हैं. साजिशकर्ता भानु प्रताप यादव बांके का प्रयागराज में एनकाउंटर हो चुका है.

### ऐसे हुआ था डॉक्टर केके अपहरण कांड

- शाहपुर के गीता वाटिका निवासी डॉ. केके मिश्रा सरदारनगर में मरीज देखने जाते थे.
- 06 मार्च 2007 की शाम वह कार से घर लौट रहे थे. तभी देवरिया हाइवे के कुसम्ही जंगल बदमाशों ने उनको किडनैप कर लिया.
- इंजेक्शन लगाकर बदमाशों ने डॉक्टर को अचेत कर दिया. उनको छोड़ने के बदले में 30 लाख रुपए की फिरौती मांगी.

# बेवजह क्यों चक्कर लगाएं, 'यूपीकॉप' डाउनलोड करें और केस दर्ज कराएं

**यूपी कॉप एप पर मिली सुविधा, मोबाइल में आसानी से करें आवेदन**

**ऑनलाइन एप्लाई करने पर पुलिस अधिकारी करते सेवा की मॉनिटरिंग**

**घर बैठे करें चोरी सहित अन्य तरह की शिकायतें**

कई बार सूचना देने के लिए हम थाने नहीं जा पाते हैं. ऐसे में यूपी कॉप एप एक बेहतर ऑप्शन है. कोई भी व्यक्ति उन मामलों में ऑनलाइन शिकायतें दर्ज करा सकता है जिसमें कोई अज्ञात अभियुक्त हो. इसके अलावा अन्य कई तरह की सेवाएं भी इस एप पर उपलब्ध हैं.




**ऑनलाइन करो ना**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (9 July):** घर से मार्केट जा रहे थे. रास्ते में मोबाइल गुम हो गया. मोबाइल के बारे में सूचना देनी है. नहीं दिए तो पता नहीं कोई गलत इस्तेमाल ना कर लें. अक्सर मोबाइल खोने के बाद लोग इसी तरह के सवालों को लेकर परेशान होते हैं. इस परेशानी को दूर करने के लिए पीड़ित जब थाने पहुंचते हैं तो वहां कई बार घनचक्कर होना पड़ता है. थानेदार से लेकर मुंशी-दीवान तक इतने सवाल कर देते हैं कि मानों कंप्लेन लिखवाने नहीं गए हैं, बल्कि गुनाहगार हैं. सामने वाला सोचता है कि कहां फंस गया यार! इससे अच्छा तो मोबाइल गायब होने की सूचना ही ना देनी पड़ती. मगर अब आपको ऐसी टेंशन लेने की जरूरत नहीं है. बस चंद क्लिक कर फॉर्म भरना है, जिसके बाद आपकी कंप्लेन आपके मोबाइल से ही दर्ज हो जाएगी और आपको थानों के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ेंगे. ऐसा कैसे किया जा सकता है, इसके लिए दैनिक जागरण आई नेक्स्ट आपको तरीका बता रहा है जो आपको बड़े झंझट से छुटकारा दिलाएगा.

### ऐसे घर बैठें इस्तेमाल करें यूपी कॉप एप

- यूपी कॉप एप प्लेस्टोर पर उपलब्ध है.
- एप डाउनलोड करने के लिए एंड्रायड मोबाइल फोन के प्ले स्टोर पर यूपी कॉप सर्च करें.
- एप डाउनलोड होने के बाद उसे ओपन करने पर लंबी सर्विस लिस्ट आ जाएगी.ा
- इसके लिए सर्च योर अप्लीकेशन स्टेटस में साइनअप का ऑप्शन मिलेगा.
- इसमें आपको अपने नाम, मोबाइल नंबर और ई-मेल के जरिए साइनअप करना होगा.
- इसके बाद ओटीपी आएगा, जिसे सब्मिट करने के बाद आपका रजिस्ट्रेशन हो जाएगा.
- सारी जानकारी अपडेट होने के बाद आईडी क्रिएट हो जाएगी.
- यूजर के लॉगइन करने पर रजिस्टर्ड मोबाइल डालते ही ओटीपी मिलेगी.
- ओटीपी के बाद लागिन होकर आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी.
- एप पर 27 तरह की सुविधाओं के ऑप्शन सामने आएंगे.

> **यूपी कॉप एप पब्लिक के लिए काफी मदद है. गूगल प्ले स्टोर या एप्पल ऐप स्टोर से इसे डाउनलोड करके सुविधा ली जा सकती है. एप के जरिए आने वाली शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है.**
>
> **दिनेश कुमार पी,** एसएसपी

### यूपी कॉप ई एफआईआर में सुविधा

- वाहन चोरी
- वाहन लूट
- सामान्य चोरी
- नकबजनी
- साइबर क्राइम
- पर्स, बैग, चेन मोबाइल चोरी-छिनौती
- नाबालिग बच्चों की गुमशुदगी
- ऑनलाइन मिल रही ये व्यवस्था
- ई एफआईआर का रजिस्ट्रेशन
- एफआईआर देखने की सुविधा
- किसी भी खोई हुई वस्तु की एफआईआर
- अपना थाना खोजने के संबंध में सुविधा
- चुराए और बरामद किए गए वाहनों की जानकारी
- कैरेक्टर सर्टिफिकेट बनवाने की सुविधा
- किराएदारों का वेरीफिकेशन
- किसी के खराब व्यवहार की जानकारी
- साइबर जागरूकता
- शिकायतकर्ता के मोबाइल पर एसएमएस की सुविधा
- क्राइम का मुकदमा दर्ज होने पर सूचना
- मुकदमे की विवेचना ट्रांसफर होने की जानकारी
- अभियुक्त के गिरफ्तार होने की सूचना
- माल बरामदगी होने के बारे में जानकारी
- चार्जशीट और फाइनल रिपोर्ट लगाने संबंधी सूचना
- जांच अधिकारी का नाम और मोबाइल नंबर

## 50 हजार के इनामी अभोरिक यादव को क्राइम ब्रांच और खोराबार पुलिस ने दबोचा

# डॉ. केके मिश्रा अपहरण का आरोपी 14 साल बाद दबोचा

गोरखपुर | वरिष्ठ संवाददाता




डॉक्टर अपहरण कांड में शामिल आरोपित (लाल टीशर्ट में) 14 साल बाद पकड़ा गया।

शाहपुर इलाके के रहने वाले डॉ. केके मिश्रा के अपहरण के आरोपित अभोरिक यादव को 14 साल बाद खोराबार पुलिस और क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को दबोच लिया। उसे बानपोखर मंदिर के आगे फोरलेन अंडरपास के नीचे से गिरफ्तार किया गया। मऊ जिले के मधुबन क्षेत्र का अभोरिक किसी वारदात को अंजाम देने आया था। वर्ष 2007 से फरार चल रहे अभोरिक पर गोरखपुर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम रखा था। इस कांड में अन्य आरोपित पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। हालांकि उसका एक साथी अजीज अहमद अभी फरार है। उस पर भी 50 हजार का इनाम घोषित है।

शाहपुर के गीता वाटिका रोड पर रहने वाले डॉ. केके मिश्रा छह मार्च 2007 को अपनी कार से चौरीचौरा के सरदारनगर से मरीज देखकर लौट रहे थे। कुसम्ही जंगल में बदमाशों ने उनका अपहरण कर लिया था। डॉ. मिश्रा के घर न पहुंचने पर उनके भाई कमल किशोर मिश्रा ने चौरीचौरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में जुटी पुलिस को डॉ. मिश्रा के अपहरण की जानकारी सामने आई। अपहर्ताओं ने उन्हें छोड़ने के बदले 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी। अपहरण की घटना सामने आने के बाद सनसनी फैल गई।

पुलिस ने किसी तरह से उन्हें बरामद किया। हालांकि यह भी चर्चा रही कि फिरौती देने के बाद ही उन्हें छोड़ा गया था पर इस बात को न तो उस समय की पुलिस ने स्वीकार किया था और न ही डॉ. मिश्रा या उनके परिवार ने। पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी शुरू की तो अपहरण में करीब दर्जन भर बदमाशों के नाम सामने आये थे। इनमें से एक अभोरिक यादव भी था। पुलिस ने एक के बाद एक अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में मुख्य आरोपित भानु प्रताप यादव बांके मुठभेड़ में मारा गया था। जबकि अभोरिक यादव और अजीज फरार चल रहे थे। गोरखपुर पुलिस ने इनके ऊपर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने बताया कि मऊ जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के सिहुलिया के रहने वाले अभोरिक यादव को खोरबार इंस्पेक्टर राहुल सिंह और क्राइम ब्रांच की टीम ने शुक्रवार को खोराबार इलाके में फोरलेन अंडर पास से गिरफ्तार किया।

एसएसपी ने बताया कि अभोरिक करीब 14 साल से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी है। एक अन्य आरोपित अजीज अभी फरार चल रहा है, उसकी तलाश जारी है।

### 14 साल से घर नहीं गया था अभोरिक

घटना के बाद से अभारिक अपने घर नहीं गया था। पुलिस ने उसके घर कुर्की की भी कार्रवाई की थी। इस दौरान वह कई प्रदेशों में रहा। कानपुर आर्म्स फैक्ट्री के बगल में भी उसने काफी दिनों तक नौकरी की थी। वर्तमान में वह मध्यप्रदेश में छिपा था।

### चार को मिल चुकी है उम्रकैद की सजा

डॉ .केके मिश्र का अपहरण कांड के चार आरोपितों को विशेष सत्र न्यायाधीश की कोर्ट आजीवन कारावास की सजा सुना चुकी है । जिन आरोपितों को उम्र कैद हुई है उसमें बांसगांव क्षेत्र के पइसा निवासी संजय यादव, इंद्रजीत यादव, बलिया के ग्राम मझौवा निवासी कमलदेव यादव, बुद्धिपुर निवासी चंद्रिका राजभर का नाम शामिल है ।

# पशु तस्करों का पीछा कर पुलिस ने पकड़ीं 23 गायें

**बड़हलगंज।** कोतवाली पुलिस ने गुरुवार की आधी रात में पशु तस्करों का पीछा कर 23 गाए बरामद किया। हालांकि तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। बताया जा रहा है कि एक ट्रक में पशुओं को लाद कर तस्कर बिहार ले जा रहे थे।

कोतवाल मनोज राय ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि गुरुवार की रात दोहरीघाट से आ रही पशुओं से लदा एक ट्रक रामजानकी मार्ग से बिहार की तरफ जाने वाली है। पुलिस ने पटना चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाया था। इस दौरान रात में करीब 2.30 बजे एक ट्रक को रोकने की कोशिश की गई। लेकिन जब ट्रक रोकने की बजाय चालक ने ट्रक को रामजानकी मार्ग पर ले जाकर भगाना शुरू कर दिया। जिसे पुलिस को संदेह होने पर पहले से तैयार पुलिस भी ट्रक के पीछे लग गई। टेढ़िया बंधे के पास ट्रक को पुलिस ने घेर कर पकड़ लिया।

इस दौरान अंधेरे का लाभ उठाकर तस्कर फरार हो गए। ट्रक की तलाशी में ठूंस-ठूंस कर भरी गई 22 गायें व 01 बछिया बरामद हुई। भूख से कुछ गायों की हालत खराब थी जिन्हें रात में ही बड़हलगंज के कान्हां गो आश्रय में भेज दिया गया। जहां गायों की देख भाल की जाएगी। पुलिस का कहना है कि सूचना मिलने के बाद छापेमारी की जाती है। जो

# जिले के बदमाशों का हुआ सत्यापन

गोरखपुर | वरिष्ठ संवाददाता

गोरखपुर जिले में बाहरी बदमाशों ने डेरा डाल दिया है। वह सुबह- दोपहर और शाम को शहर के अलग-अलग इलाकों में वारदात को अंजाम दे रहे हैं और आसानी से फरार हो जा रहे हैं। जिले में रहने वाले 15 साल के बदमाशों के सत्यापन के बीच हो रही इन वारदातों ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। बदमाशों की तलाश करने के साथ ही नए किरायदारों पर भी पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है।

पिछले कुछ दिनों में शहर के गोरखनाथ, शाहपुर, कैंट और रामगढ़ताल इलाके में कुछ वारदातें सामने आईं। गोरखनाथ इलाके में जहां सुबह के वक्त चेन स्नेचिंग की घटनाएं हुईं वहीं शाहपुर इलाके में दोपहर और शाम के वक्त यही घटना हुई। पिछले दिनों शाहपुर इलाके में एक महिला से उसका बैग छीनने की कोशिश में बदमाशों की बाइक गिर गई थी। पुलिस ने जब बाइक की जांच शुरू की तो पता चला कि यह बाइक गोपालगंज के पते पर दर्ज है। ऐसे में पुलिस को यह क्लू मिला कि वारदात को अंजाम देने वाले कहीं न कहीं बिहार से जुड़े हैं। यही नहीं हड़हवा फाटक के पास महिला से हुई चेन स्नेचिंग में भी जिस बाइक की इस्तेमाल हुई थी वह भी यही बताई जा रही है। इस वजह से पुलिस यह मान कर चल रही है कि शाहपुर इलाके में चेन स्नेचिंग या बैग छिनैती करने वाला एक ही गैंग है और वह कहीं न कहीं किराये पर रह रहा है। गोरखनाथ इलाके में जिस तरह से सुबह के वक्त चेन स्नेचिंग हुई उसमें पुलिस किसी दूसरे गैंग का हाथ मान रही है। उस गैंग के बारे में भी आशंका है कि वह या तो किराये पर रह रहा है या फिर कैम्पियरगंज-पीपीगंज इलाके से भोर में आकर स्नेचिंग कर यह गैंग फरार हो जा रहा है।

## निगरानी

- **शहर में बढ़ी लूट और स्नेचिंग की वारदात के बाद पुलिस गश्त पर उठे सवाल**
- **15 साल के लुटेरों के सत्यापन के बीच बढ़ी वारदातों ने बढ़ा दी है चिंता**

> चेन स्नेचिंग करने वाले स्थानीय नहीं बाहरी लुटेरे हैं। वह या तो यहां रह रहे हैं या फिर जिले के बाहर से आकर वारदता कर फरार हो जा रहे हैं। शहर में जो भी घटनाएं अभी तक सामने आई हैं उसमें अलग-अलग समय पर यह वारदात हुई है। शाहपुर इलाके की वारदात में किसी एक गैंग का ही हाथ है जबकि गोरखनाथ इलाके में कोई दूसरा गैंग सक्रिय है। जल्द ही उन्हें दबोच लिया जाएगा।
>
> **-दिनेश कुमार प्रभु,** एसएसपी

# चार मुकदमे, 52 नामजद 550 अज्ञात पर केस

**ब्लॉक प्रमुखी बवाल**

गोरखपुर | वरिष्ठ संवाददाता

ब्लाक प्रमुख चुनाव को लेकर हुए विवाद को लेकर गोरखपुर पुलिस ने अब तक अलग-अलग थानों में 52 नामजद और 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ चार मुकदमे दर्ज किए हैं। इनमें प्रमुख रूप से सहजनवां में पुलिस ने 17 नामजद और 200 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने बेलघाट में 13 नामजद व 150 अज्ञात और खोराबार में 21 नामजद और 200 अज्ञात जबकि उरूवा बजार में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने बताया कि ब्लॉक प्रमुख चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था व आदर्श आचार संहिता का पालन न करने एवं चुनाव प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करने के सम्बंध में ये मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जिन मामलों में पुलिस पर हमला हुआ है वहां पुलिस वादी है और जहां किसी व्यक्ति पर हमला हुआ है उनके तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

सहजनवां थाने में 17 नामजद व 150 से 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। सहजनवां थानेदार राज प्रकाश सिंह की तहरीर पर श्री प्रकाश शुक्ल, विजय प्रकाश शुक्ल, शाश्वत पांडेय, मनीष पांडेय, श्याम विशाल मिश्रा, राम सागर यादव, बड़कू उपाध्याय, आनंद यादव, मिथिलेश गुप्ता, प्रधान वीरेंद्र निषाद, भूपेंद्र तिवारी आदि के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ है जबकि अन्य अज्ञात हैं। बेलघाट इलाके में हुए बवाल पर 13 नामजद और 150 से 200 पर केस दर्ज किया गया है। इसमें वादी थाने के एसएसआई रामजी गुप्ता हैं। पथराव में 3 पुलिसकर्मी को चोट लगने की बात भी कही गई है।

खोराबार पुलिस ने पुलिस पर पथराव, हमला करने के मामले में पूर्व ब्लाक प्रमुख, उनके भाई सहित 21 नामजद और 150 पर केस दर्ज किया है।

## चरगांवा ब्लॉक में कोई केस दर्ज नहीं

चरगांवा ब्लाक पर हुए बवाल और गुंडागर्दी के मामले में अभी कोई केस नहीं दर्ज किया गया है। अन्य मामलों में पुलिस खुद वादी बनकर केस दर्ज कराई है लेकिन चरगांवा की घटना में पुलिस को तहरीर का इंतजार है। इस घटना ने मेडिकल रोड तक पर अफरा-तफरी मचा दिया था। पथराव से कई लोगों की गाड़ी भी टूट गई थी।

## पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक व सपा जिलाध्यक्ष भी अभियुक्त

**गोरखपुर।** खोराबार ब्लॉक पर नामांकन को लेकर गुरुवार को हुए बवाल तथा पुलिस कर्मियों पर पथराव के मामले में पुलिस ने पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद, पूर्व विधायक विजय बहादुर यादव, सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामनगीना साहनी सहित 21 लोगों को नामजद मुल्जिम बनाया है। जबकि 150 अज्ञात हैं। आरोप है कि सपाइयों की तरफ से हुए पथराव में पुलिसवाले भी घायल हुए थे। ब्लाक प्रमुख पद के लिए नामांकन न करने देने का आरोप लगाकर गुरुवार को सपाइयों ने खोराबार में जमकर बवाल काटा था। सभी लोग सपा के प्रत्याशी शैलेश यादव के समर्थन में खोराबार ब्लाक पर पहुंचे थे। खोराबार थाने में इनके खिलाफ हत्या, बलवा, सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट और धमकी मामलों केस दर्ज किया है।

## पुलिस की सक्रियता से तीन घंटे में मिला लापता वच्चा

**गोरखपुर :** तिवारीपुर थानाक्षेत्र के घोषीपुर मोहल्ले से शुक्रवार की शाम लापता हुआ पांच साल का बच्चा पुलिस की सक्रियता से तीन घंटे के भीतर सकुशल बरामद हो गया। एसएसपी ने बच्चे को बरामद करने वाली टीम को 25 हजार रुपये इनाम दिया है। घोषीपुर के रहने वाले महेंद्र कुशवाहा का पांच वर्षीय बेटा कृष्णा शुक्रवार की शाम घर के बाहर खेल रहा था। शाम साढ़े पांच बजे कृष्णा लापता हो गया। खोजबीन करने के बाद पता न चलने पर महेंद्र ने डायल 112 पर फोन कर सूचना दी एसएसपी ने मामले की जानकारी होते ही तिवारीपुर के साथ ही कोतवाली, राजघाट, कैंट और गोरखनाथ पुलिस को भी बच्चे की तलाश में लगा दिया। रेलवे स्टेशन और बस अड्डा पर भी चेकिंग शुरू कर दी गई। रात में 8 :30 बजे के करीब कृष्णा को निजामपुर में मखनिया पुल के पास बरामद कर लिया। एसएसपी ने बताया कि छानबीन में पता चला कि बच्चा भटककर चला गया था।

# बवाल में 52 नामजद, 550 अज्ञात पर केस

**ब्लाक प्रमुख चुनाव**

- **खोराबार, सहजनवां, बेलघाट और उरुवा पुलिस ने की कार्रवाई, नामांकन के दौरान हुआ था बवाल**
- **चरगांवा में हुए तोड़फोड़ और मारपीट में किसी ने नहीं दी तहरीर**

**जासं, गोरखपुर :** ब्लाक प्रमुख चुनाव में नामांकन के दौरान हुए बवाल में खोराबार, सहजनवां, बेलघाट और उरुवा पुलिस ने 52 नामजद और 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। चरगांवा में हुई तोड़फोड़, मारपीट की घटना में किसी ने तहरीर नहीं दी। एसएसपी दिनेश कुमार पी ने बताया कि ब्लाक प्रमुख चुनाव में नामांकन के दौरान बवाल करने वालों पर कार्रवाई हुई है।

सहजनवां थाना प्रभारी राज प्रकाश सिंह ने 17 नामजद व 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा, सरकारी कार्य में बाधा डालने व सेवन सीएलए एक्ट में केस दर्ज कराया है। बेलघाट थाने के एसएसआइ रामजी गुप्ता ने 13 नामजद और 200 अज्ञात पर मुकदमा कराया है। गुरुवार को हुए पथराव में तीन पुलिसकर्मी चोटिल हो गए थे। इसके अलावा खोराबार पुलिस ने पुलिस पर पथराव, हमले के मामले में पूर्व ब्लाक प्रमुख, उनके भाई सहित 21 नामजद और 150 पर हत्या की कोशिश, आवागमन बाधित करने का केस दर्ज किया है। उरुवा पुलिस ने सात जुलाई को लूट और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया था।

**पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और सपा जिलाध्यक्ष भी बने आरोपित :** खोराबार पुलिस ने नामांकन के बाद हुए बवाल के मामले में पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद, पूर्व विधायक विजय बहादुर यादव, सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामनगीना साहनी को भी आरोपित बनाया है। गुरुवार को इसकी जानकारी नहीं दी गई थी। पुलिस ने जिन 21 लोगों को नामजद किया है, उनमें प्रमुख रूप से शैलेश यादव, रमाकांत यादव, दुर्गेश यादव, सिकंदर यादव, धर्मराज यादव, राजू यादव, दिनेश यादव प्रधान, देवेंद्र यादव, देवेंद्र पासवान, जितेंद्र यादव, मनीष यादव, रामनगीना साहनी, प्रदीप यादव, विपिन यादव, अरविंद यादव उर्फ डाक्टर, अनूप यादव, चर्चिल अधिकारी, कपिल मुनी यादव, विजय बहादुर यादव, रामभुआल निषाद और जितेंद्र सिंह का नाम शामिल है।

# डा. केके मिश्रा का अपहर्ता गिरफ्तार

## मऊ के बदमाश ने 2007 में साथियों संग किया था डाक्टर का अपहरण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** डा. केके मिश्रा अपहरण कांड के आरोपित अभोरिक यादव को क्राइम ब्रांच और खोराबार पुलिस ने शुक्रवार को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। मऊ जिले के रहने वाले बदमाश की 14 साल से तलाश थी। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम था। वारदात में शामिल 50 हजार के इनामी अयोध्या जिले के रहने वाले अजीज अहमद की तलाश है। अन्य आरोपितों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एसएसपी दिनेश कुमार पी ने पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता में बताया कि शाहपुर के गीता वाटिका रोड पर रहने वाले डा. केके मिश्रा का छह मार्च 2007 को कार से सरदारनगर से मरीज देखकर लौटते समय कुसम्ही जंगल में बदमाशों ने अपहरण कर लिया था। उनके भाई कमल किशोर मिश्रा ने चौरीचौरा थाने में केस दर्ज कराया था। अपहरण में करीब दर्जनभर बदमाशों का नाम सामने आया था। इनमें से एक अभोरिक यादव भी था। मुख्य आरोपित भानु प्रताप यादव उर्फ बांके पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। मऊ, मधुबन के सिहुलिया निवासी अभोरिक यादव और अयोध्या के रियाव निवासी अजीज फरार थे। गोरखपुर पुलिस ने इन पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर सुशील शुक्ल, स्वाट प्रभारी सादिक परवेज, एसओजी प्रभारी चंद्रभान सिंह ने खोराबार थानेदार के साथ बदमाश को बानपोखर देवी मंदिर के पास फोरलेन पर दबोच लिया। उससे 315 बोर का एक तमंचा और दो कारतूस का खोखा मिला।



पुलिस की गिरफ्त में डा. केके मिश्रा अपहरण कांड का आरोपित (लाल शर्ट में) अभोरिक यादव । ●सौ. पुलिस मीडिया सेल

### फरारी के दौरान कर ली थी शादी

शातिर अभोरिक यादव घर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वर्ष 2008 में उसके घर की कुर्की करा दी, लेकिन पता नहीं चला। वेष बदलकर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान में छिपा रहा और शादी भी कर ली। बदमाश की 10 माह की एक बच्ची है। 2014 में अभोरिक पर 25 हजार रुपये इनाम घोषित हुआ, जिसे 2019 में बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया गया।

**मांगी थी 30 लाख रुपये की फिरौती :** अपहर्ताओं ने डा. केके मिश्रा को छोड़ने के बदले 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने किसी तरह से उन्हें मुक्त कराया। हालांकि यह भी चर्चा रही कि फिरौती देने के बाद ही उन्हें छोड़ा गया।

## पशुओं से लदा ट्रक छोड़कर भागे तस्कर

**जासं, महुआपार** : जिले में एक बार फिर पशु तस्कर पुलिस के हाथों से बच गए। गुरुवार भोर में वह बड़हलगंज के टेढ़िया बंधे के पास 23 गोवंशियों से लदा ट्रक छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने गोवंशियों को बड़हलगंज कान्हा गो आश्रय केंद्र को सौंप दिया। पशु तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। गुरुवार भोर में गश्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक बड़हलगंज मनोज राय को सूचना मिली कि दोहरीघाट की तरफ से एक ट्रक आ रहा है। उसमें गोवंशीय लदे हुए हैं। पटना चौराहे पर पुलिस ने बैरिकेडिंग करके ट्रक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन तस्कर बैरिकेड तोड़ते हुए आगे बढ़ गए। टेढ़िया बांध के पास तस्कर ट्रक छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो उसमें 23 गोवंशीय लदे मिले। पुलिस ने मुक्त कराकर उन्हें कान्हा गो आश्रय केंद्र बड़हलगंज में सौंप दिया।

# गुमशुदा बच्चे को दो घंटे में तलाशा, मिलेगा इनाम

**गोरखपुर।** तिवारीपुर थाना क्षेत्र के घोसीपुर मोहल्ले से देरशाम गायब बच्चे को पुलिस ने दो घंटे के अंदर ही सही सलामत बरामद कर लिया।

इसपर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी ने पुलिस टीम को 25000 रुपये इनाम देने की घोषणा की है। जानकारी के मुताबिक तिवारीपुर थाना क्षेत्र के घोसीपुर के रहने वाले महेंद्र कुशवाहा का पांच साल का बेटा घर के बाहर खेलते-खेलते गायब हो गया। परिजनों ने तिवारीपुर थाने को बच्चे की गुमशुदगी की सूचना दी। मामले की जानकारी एसएसपी को मिली तो उन्होंने क्षेत्राधिकारी कोतवाली विमल कुमार

### घोसीपुर मोहल्ले से देरशाम गायब हुआ था बच्चा

सिंह, थाना प्रभारी राजघाट विनय कुमार सरोज को भी खोजबीन में लगाया। इसी बीच गाजीरौजा से देर रात बच्चे को बरामद कर लिया गया। बच्चे को बरामद करने वाली टीम में थाना प्रभारी तिवारीपुर सत्य प्रकाश सिंह, सब इंस्पेक्टर गुरुप्रसाद ,सब इंस्पेक्टर राहुल दुबे ,कांस्टेबल सुभाष चंद्र,भानु प्रताप सिंह, बबलू कश्यप, जितेंद्र चौधरी, आनंद कुमार, अमितेश प्रजापति, अमरदीप यादव, जयप्रकाश शामिल रहे। ब्यूरो

# 14 साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा डॉ. केके मिश्र अपहरण कांड का आरोपित

**50 हजार के इनामी अभोरिक यादव को क्राइम ब्रांच और खोराबार पुलिस ने पकड़ा**

**मऊ के रहने वाले अभोरिक ने साथियों के साथ मार्च 2007 में अपहरण कर मचाई थी सनसनी**

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** शाहपुर इलाके के रहने वाले डॉक्टर केके मिश्रा के अपहरण के आरोपित अभोरिक यादव को 14 साल बाद क्राइम ब्रांच और खोराबार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मऊ जिले के मधुबन का रहने वाला अभोरिक किसी वारदात को अंजाम देने गोरखपुर आया था। इस दौरान शुक्रवार को पुलिस ने उसे बानपोखर मंदिर के आगे फोरलेन अंडरपास के पास घेराबंदी कर पकड़ लिया। वर्ष 2007 से फरार अभोरिक पर गोरखपुर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम रखा था। अपहरण कांड में बाकी आरोपित पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। एक आरोपित अजीज अहमद अब भी फरार है। उसपर भी 50 हजार का इनाम घोषित है।

जानकारी के मुताबिक शाहपुर की गीता वाटिका रोड पर रहने वाले डॉक्टर केके मिश्रा का अपहरण छह मार्च 2007 को हुआ था। वह अपनी कार से चौरीचौरा के सरदारनगर से मरीज देखकर लौट रहे थे। कुसम्ही जंगल में बदमाशों ने उनका अपहरण कर लिया। डॉक्टर मिश्रा के घर न पहुंचने पर उनके भाई कमल किशोर मिश्रा ने चौरीचौरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसी बीच अपहर्ताओं ने फोन कर चिकित्सक को छोड़ने के लिए 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी। अपहरण की घटना सामने आने के बाद सनसनी फैल गई। पुलिस ने किसी तरह से उन्हें अपहर्ताओं के चंगुल से मुक्त कराया था। हालांकि यह भी चर्चा थी कि फिरौती देने के बाद ही उन्हें छोड़ा गया था। पर इस बात को न तो उस समय पुलिस ने स्वीकार किया था और न ही डॉक्टर मिश्रा या उनके परिवार के किसी सदस्य ने। पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी शुरू की तो अपहरण में करीब दर्जन भर बदमाशों के नाम सामने आए थे। इनमें से एक अभोरिक यादव भी था। पुलिस ने एक के बाद एक ज्यादातर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में मुख्य आरोपित भानु प्रताप यादव उर्फ बांके पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। जबकि भोरिक यादव और अजीज फरार चल रहे थे।



आरोपित अभोरिक यादव के बारे में जानकारी देते एससपी। अमर उजाला ब्यूरो

एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस करके बताया कि मऊ जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के सिहुलिया के रहने वाले अभोरिक यादव को खोराबार इंस्पेक्टर राहुल सिंह और क्राइम ब्रांच की टीम ने शुक्रवार को खोराबार इलाके में फोरलेन अंडरपास से गिरफ्तार किया। एसएसपी ने बताया कि अभोरिक 14 साल से फरार था। उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी है। एक अन्य आरोपित अजीज अभी फरार है, उसकी तलाश जारी है।

DEORIYA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-07-2021

राष्ट्रीय सहारा दि. 10/7/21

# पिकअप समेत दो गोवंशीय पशु धराए, मुकदमा दर्ज

**तरकुलवा (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव के समीप पिकप समेत दो गोवंशीय पशुओं को वाहन समेत पुलिस ने पकड़ा है। तस्कर पशुओं को पिकप पर लादकर बिहार ले जा रहे थे। पुलिस इस मामले में अज्ञात चालक एवं वाहन स्वामी के खिलाफ गोवध निवारण एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुट गई है। शुक्रवार को एक पिकप पर दो पशुओं को लादकर पशु तस्कर त्रिमुहानी घाट होते हुए बिहार ले जाने की फिराक में थे। अभी वे थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव के निकट पहुँचे थे कि उनपर ग्रामीणों की नजर पड़ गई। ग्रामीणों ने पिकप को रोककर पूछताछ शुरू कर दिया। इसी बीच चालक व वाहन स्वामी पिकप छोड़कर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन समेत पशुओं को अपनें कब्जे में ले लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष जयंत सिंह ने बताया कि अज्ञात चालक एवं वाहन स्वामी के ख़िलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

हिन्दुस्तान दि 10/3/21

# चुनाव पर्यवेक्षक ने किया निरीक्षण

**बरहज।** चुनाव पर्यवेक्षक सुखलाल दिन में करीब 2:15 बजे बरहज ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने खंड विकास अधिकारी कार्यालय में मातहतों के साथ बैठक करते हुए एसडीएम संजीव कुमार यादव, सीओ देव आनंद व बीडीओ शशि पाण्डेय को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बाद में ब्लॉक सभागार में बनाए गए मतदेय स्थल पर पहुंच मतदान के लिए की गई तैयारियों का विधिवत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चाक चौबंद व्यवस्था के बीच चुनाव सकुशल संपन्न कराने का निर्देश मातहतों को दिया। यहां एसएचओ टीजे सिंह, एसआई जितेन्द्र सिंह, सुमित राय, प्रभारी एडीओ पंचायत पूर्णिमा यादव समेत पुलिस व पंचायती राज के अन्य कर्मचारी रहे। वहीं, दिन में करीब तीन बजे भलुअनी ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचे चुनाव पर्यवेक्षक ने बैठक कर मातहतों को निर्देश दिया। साथ ही मतदेय स्थल का निरीक्षण करते हुए मतदान की तैयारियों

# पशु बरामद, तस्कर फरार

**तरकुलवा :** थाना क्षेत्र के नारायणपुर से पुलिस ने पिकअप पर लदे दो गो-वंशीय पशु बरामद किया। चालक व तस्कर मौके से फरार हो गए। इस मामले में गो-वध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस जांच में जुटी हुई है। नारायणपुर गांव की तरफ से जा रही थी, इस बीच ग्रामीणों ने पिकअप को रोक लिया और पुलिस को सूचना दी।

दैनिक जागरण दि. 10/7/21

# चुनाव को लेकर देररात एसपी ने की थानेदारों के साथ बैठक

जागरण संवाददाता, देवरिया: ब्लाक प्रमुख चुनाव को लेकर देर रात पुलिस अधीक्षक डाक्टर श्रीपति मिश्र ने पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में थानेदारों की बैठक की और चुनाव को लेकर दिशा-निर्देश दिया। अति संवेदनशील ब्लाकों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, सीओ कपिलमुनि सिंह, देवानंद, पंचमलाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अमर उजाला दि. 10/7/21

# प्रेक्षक ने जाना तैयारियों का हाल

## बरहज ब्लॉक कार्यालय में अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरहज।** ब्लॉक कार्यालय पहुंचे प्रेक्षक सुखलाल भारती ने ब्लॉक प्रमुख चुनाव का हाल जाना। अधिकारियों के साथ बैठक कर निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने का निर्देश दिया।

शुक्रवार को दोपहर बाद करीब डेढ़ बजे चुनाव प्रेक्षक सुखलाल भारती बरहज ब्लॉक पहुंचे। उन्होंने एसडीएम संजीव कुमार यादव, सीओ देवआनंद आदि के साथ बैठक की। बाद में मतदान बूथ, मतगणना स्थली आदि का निरीक्षण किया। सीसीटीवी कैमरा के अलावा सुरक्षा इंतजाम के बारे में भी जानकारी ली। प्रेक्षक ने भलुअनी ब्लॉक में भी तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर एआरओ विक्रम सिंह, बीडीओ शशि पांडेय, भलुअनी आलोक दत्त उपाध्याय, इंस्पेक्टर टीजे सिंह, थानाध्यक्ष सुदेश शर्मा, रजिस्ट्रार विजय देव, एसआई जितेंद्र सिंह, सुमित राय, वीरेंद्र मौर्य, हवलदार राम, एडीओ पंचायत पूर्णिमा यादव, संजय यादव, रविप्रताप सिंह, अलका तिवारी, करिश्मा, सुप्रिया, स्नेहा मौर्य, जया, राजेंद्र पाल, राधेश्याम आदि मौजूद रहे।



बरहज ब्लॉक परिसर का निरीक्षण करते चुनाव प्रेक्षक और अन्य अधिकारी।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-07-2021

# तरयासुजान पुलिस ने पशु तस्करों से मुक्त कराये अठारह राशि गो बंश,तीन गिरफ्तार

कुशीनगर। गो बंश तस्करो पर प्रभावी अंकुश कायम करने के लिये चलाये जा रहे पुलिस अधीक्षक कुशीनगर सचिन्द्र पटेल के अभियान में आज सुबह तरयासुजान पुलिस को उस समय कामयाबी हाथ आयी जब पशु तस्कर गो बंश की एक खेप लेकर बिहार के रास्ते बंगाल जा रहे थे।

राष्ट्रीय राज मार्ग 28 बहादुरपुर के पास जरिये मुखबीर सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कपिल देव चौधरी उप निरीक्षक रणजीत सिंह बघेल के टीम ने गड़ा बन्दी कर एक कन्टेनर ट्रक में लदे गो बश को तस्करो के हाथ से जहाँ मुक्त कराने में सफल हुये है वही तीन तस्कर भी दबोच लिये गये।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के निर्देशन में गोवंशी पशुओं की तस्करी के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना तरयासुजान पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को हाइवे 28 बहादुरपुर चौकी के पास से एक कन्टेनर ट्रक वाहन संख्या UP 21 AN 4282 से तस्करी कर ले जाये जा रहे 18 राशि गोवंशीय पशु (बैल) की बरामदगी करते हुए मौके से तीन पशु तस्करों शौकीन पुत्र मो0 जान सा0 भोजपुर मोहल्ला




मनियाराम थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद, नसीम पुत्र बाबू सा0 भोजपुर मनिहारा मदीना मस्जिद थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद, जुनैद पुत्र शौकीन सा0 भोजपुर मोहल्ला मनियाराम थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय मेंअभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# दो सौ मीटर में बंद रहेंगे प्रतिष्ठान

कुशीनगर | **वरिष्ठ संवाददाता**

क्षेत्र पंचायत चुनाव के मद्देनजर जिलाधिकारी एस राजलिंगम व पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र पटेल ने चुनाव से एक दिन पहले विभिन्न ब्लॉकों का निरीक्षण कर मतदान व सुरक्षा के इंतजाम देखे। रामकोला एवं कसया विकास खंड कार्यालय पहुंचकर दोनों अधिकारियों ने कड़े सुरक्षा इंतजाम के निर्देश दिए। चुनावी तैयारियों को देखने के दौरान सीसीटीवी कैमरा, मतदान के लिए आने व जाने वाला मार्ग, वीडियोग्राफी की व्यवस्था चेक की।

इन सब मुद्दों पर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारी को देते हुए डीएम ने हिदायत दी कि किसी स्तर से लापरवाही नहीं होनी चाहिए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बैरिकेडिंग मजबूत होनी चाहिए। संबंधित एआरओ से बात करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि वोटिंग का मिलान सही तरीके से किया जाए। वीडियोग्राफी लगातार होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने ब्लॉक परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि केवल वोटर ही अंदर जाएगी। किसी अन्य को मतदान केन्द्र तक जाने की अनुमति नहीं है। इसका कड़ाई से पालन होना चाहिए।



डीएम व एसपी ने शुक्रवार को कसया ब्लॉक पहुंचकर देखी व्यवस्था, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश।

# चुनाव को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

- मतदान केंद्रों पर सिर्फ अधिकृत व्यक्तियों को ही जाने की होगी अनुमति
- कानून व्यवस्था में अवरोध खड़ा करने वालों से सख्ती से निपटेगी पुलिस

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** ब्लाक प्रमुख चुनाव को लेकर जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मतदान केंद्रों पर सिर्फ अधिकृत व्यक्तियों को ही जाने की अनुमति होगी। कानून-व्यवस्था में खलल डालने वाले किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे। चुनाव के दौरान ब्लाक मुख्यालयों पर ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जाएगी। एसपी सचिंद्र पटेल ने व्यवस्था में व्यवधान डालने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं।

जनपद के कुल 14 ब्लाकों के प्रमुख पद के लिए आठ ब्लाकों में निर्विरोध निर्वाचन होने के चलते शनिवार को रामकोला, विशुनपुरा, पडरौना, कसया, दुदही व खड्डा सहित छह ब्लाकों में निर्वाचन होना तय है। चुनाव वाले ब्लाक मुख्यालयों पर शुक्रवार रात से ही पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई। रामकोला व विशुनपुरा में सत्ता व विपक्ष के बीच कड़े मुकाबले के आसार देख वहां थाने की पुलिस के अलावा दूसरे थानों व पीएसी बलों की भी तैनाती की गई है। कहीं से कोई चूक न होने पाए इसे लेकर सादे वेश में भी ब्लाक मुख्यालय व आस-पास पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। चुनाव के दौरान इन जगहों पर ड्रोन कैमरे से भी निगरानी रखी जाएगी। चुनाव प्रक्रिया में व्यवधान डालने वाले या किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर देर शाम एएसपी एपी सिंह के नेतृत्व में तीन थानों की फोर्स ने रामकोला में पैदल गश्त कर अराजकततत्वों को सख्त संदेश दिया। एएसपी ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव को लेकर पुलिस प्रतिबद्ध है। चुनाव में खलल डालने वाले बख्शे नहीं जाएंगे।



रामकोला कस्बा में फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस कर्मियों को निर्देश देते एएसपी एपी सिंह बाएं से दूसरे ● जागरण



रामकोला ब्लाक परिसर में मतदान केंद्र का निरीक्षण करते बाएं से एसपी सचिंद्र पटेल, डीएम एस राजलिंगम • जागरण

# ब्लाक प्रमुख पद पर चुनाव आज, तैयारियां पूरी

## सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक होगा मतदान, गाइड लाइन के साथ होगी मतगणना व परिणाम की घोषणा

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** क्षेत्र पंचायत प्रमुख पद के लिए शनिवार को होने वाले चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा तो इसके बाद मतों की गणना की जाएगी। रिटर्निंग अफसर नवनिर्वाचित प्रमुखों को प्रमाण पत्र देंगे।

जनपद के 14 ब्लाकों के प्रमुख पद के लिए किए गए नामांकन में सात सीटों पर एक ही नामांकन होने से निर्विरोध चुने जाना तय है, तो नेबुआ नौरंगिया में नाम वापसी के दिन चार प्रत्याशियों में तीन द्वारा अपनी दावेदारी वापस लेने से भाजपा समर्थित प्रत्याशी के निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है। बाकी छह ब्लाकों पर चुनाव होगा। इसको लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कोविड गाइड लाइन के क्रम में मतों की गणना होगी।

मतदान व मतगणना स्थल पर केवल क्षेत्र पंचायत सदस्य या उनके एजेंट ही जाएंगे, लेकिन अंदर प्रवेश केवल एक ही को मिलेगा। मतगणना स्थल पर अंदर मोबाइल लेकर जाना प्रतिबंधित है।विजय प्रत्याशी गांव में किसी प्रकार का जुलूस नहीं निकालेंगे।

**हर हाल में कराया जाएगा प्रोटोकाल का अनुपालन:** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी एस राजलिंगम ने बताया कि हर हाल में कोरोना प्रोटोकाल के अनुसार मतों की गणना होगी। क्षेत्र पंचायतों के प्रमुख के निर्वाचन के संदर्भ आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों, निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी व क्षेत्र पंचायत के सदस्यों के अलावा किसी भी व्यक्ति एवं जनप्रतिनिधि को प्रांगण में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। किसी भी अधिकारी या सुरक्षाकर्मी द्वारा किसी भी क्षेत्र पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्य को प्रांगण में प्रवेश करने से किसी बहाने से न रोका जाए। क्षेत्र पंचायत के प्रमुख पद के प्रत्याशियों की सुरक्षा की समीक्षा की जाएगी और जिन प्रत्याशियों की सुरक्षा आवश्यक हो उन प्रत्याशियों की मांग पर उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। मतदान के लिए पर्याप्त मात्रा में बैंगनी रंग की स्याही वाली एक ही तरह की स्केच पेन रखी जाएगी। निर्धारित मतदान व मतगणना स्थल के 100 मीटर परिधि के अंदर पुलिस का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

**ब्लाकों पर पहुंचे डीएम व एसपी ने लिया जायजा:** डीएम एस राजलिंगम व एसपी सचिन्द्र पटेल ने संयुक्त रूप से रामकोला व कसया ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण किया। सीसीटीवी कैमरा, रास्ता, वीडियोग्राफी के लिए आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सभी स्थानों पर बैरिकेडिंग करा लिए जाए। संबंधित एआरओ को निर्देश दिया कि वोटिंग का मिलान सही तरीके से किया जाए। वीडियोग्राफी लगातार हो। एसपी ने सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि 200 मीटर की परिधि के अंदर सारे कार्यालय बंद रहेंगे।

**तैनात किए गए जोनल मजिस्ट्रेट:** जिला मजिस्ट्रेट एस राजलिंगम ने छह ब्लाकों में होने वाले चुनाव को लेकर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किया है। विशुनपुरा में एसडीएम सदर कोमल प्रसाद, रामकोला में एसडीएम देश दीपक सिंह, पडरौना में अपर उप जिलाधिकारी हाटा राकेश कुमार सिंह, दुदही में एसडीएम अनवर राशिद फारूकी, कसया में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पूर्ण बोरा, खड्डा में एसडीएम अरविंद कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो सुबह 11 बजे से परिणाम की घोषणा तक ब्लाक मुख्यालय में बने रहेंगे।

**प्रेक्षक ने लिया ब्लाक मुख्यालय का जायजा:** प्रेक्षक राजस्व परिषद प्रयागराज सदस्य (न्यायिक) सहदेव ने शुक्रवार को कसया विकास खंड का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मतदान स्थल व प्रवेश आदि के स्थानों को देख अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



रामकोला ब्लाक परिसर में मतदान केंद्र का निरीक्षण करते बाएं से एसपी सचिंद्र पटेल, डीएम एस राजलिंगम • जागरण

### यहां होगा मतदान



- **रामकोला** - आशुतोष व दिग्विजय
- **दुदही** - माला देवी व रामावती देवी
- **पडरौना** - आशुतोष व दुलारी देवी
- **खड्डा** - शशांक दुबे व भगवान दयाल
- **कसया**- अंजू देवी व रीना यादव
- **विशुनपुरा**- वीरेंद्र कुमार यादव व विंध्यवासिनी श्रीवास्तव

### पांच ने वापस लिया पर्चा

जिले के सभी ब्लाक मुख्यालयों पर हुए नामांकन में 25 प्रत्याशी दावेदार रहे। शुक्रवार को नाम वापसी में कसया ब्लाक से रोहित कुमार, नेबुआ नौरंगिया से जूही, शकुंतला, विनीता व विशुनपुरा से विक्रमा यादव ने पर्चा वापस ले लिया। आठ सीटों पर निर्विरोध होने के कारण चुनाव नहीं होगा। केवल प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम नारायण प्रसाद ने बताया कि छह ब्लाकों में मतदान होंगे।

### दुदही की रमावती भाजपा समर्थित प्रत्याशी घोषित

दुदही ब्लाक से निर्दल के रूप में नामांकन करने वाली रमावती देवी को भाजपा ने समर्थित प्रत्याशी घोषित किया है। जिलाध्यक्ष प्रेमचंद्र मिश्र ने इसकी पुष्टि की है।

### नवनिर्वाचित जिपं अध्यक्ष व सदस्य सोमवार को लेंगे शपथ

**जासं, पडरौना:** जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी विंध्याचल कुशवाहा ने बताया कि पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित सदस्यों को सोमवार की सुबह 11 बजे पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद नवगठित जिला पंचायत की पहली बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में होगी।

उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि पर विचार, जिला पंचायत की समितियों के गठन पर विचार, शिक्षा समिति, निर्माण कार्य समिति, स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति, प्रशासनिक समिति तथा अन्य विषयों पर चर्चा होगी। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों से बैंक का पासबुक की छाया प्रति व एक फोटो के साथ उपस्थित होने की बात कही है।

# अवैध असलहे व तीन माह के बेटे संग फोटो की शेयर, गया जेल

अहिरौलीबाजार, कुशीनगर: अहिरौली थाने के गांव महुई निवासी एक व्यक्ति को तीन माह के बेटे के साथ अवैध असलहे की फोटो इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट करना महंगा पड़ा है। फोटो वायरल होने के बाद पुलिस ने अवैध असलहा रखने वाले व्यक्ति को जेल भेज दिया।

शुक्रवार की सुबह तीन माह के बेटे व देसी तमंचे के साथ फोटो एक युवक ने फेसबुक पर शेयर की और लिखा कि शेर का बेटा शेर। शिकायत पर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने जांच शुरू की तो पता चला कि फोटो पोस्ट करने वाला थाना क्षेत्र का गांव महुई निवासी नागेंद्र है। पुलिस टीम घर पहुंची तो उसने बताया कि गांव के जितेन्द्र यादव से तमंचा मांगकर फोटो शेयर करने के बाद असलहा वापस कर दिया। तलाशी ली गई तो नागेन्द्र के घर से ही 12 बोर का देसी तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने जितेन्द्र यादव यादव के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर जेल भेज दिया। नागेन्द्र को 151 में चालान किया गया।

# तीन तस्कर गिरफ्तार, 18 गोवंश बरामद

**जासं, सलेमगढ़:** वध के लिए मुरादाबाद से पश्चिम बंगाल ले जाए जा रहे 18 गोवंश व तीन तस्कर शुक्रवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गए। तरयासुजान थाना क्षेत्र में एनएच पर सलेमगढ़ के समीप पुलिस से बचने के लिए चालक ने ट्रक को डिवाइडर पर चढ़ाकर भागने की कोशिश की, लेकिन ट्रक फंस गया।

एसएचओ तरयासुजान कपिलदेव चौधरी ने बताया कि सुबह नौ बजे वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान आया ट्रक चालक पुलिस को देख डिवाइडर जंप कराकर दूसरे लेन में भागने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक डिवाइडर में फंसकर रुक गया। गाड़ी में सवार तीन लोग कूदकर भागने लगे, जिन्हें पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। इनके नाम शौकीन, जुनैन, नसीम हैं और भोजपुर जिला मुरादाबाद के रहने वाले हैं। तलाशी में 18 गोवंश बरामद हुए। पशु तस्करों ने बताया कि गोवंश मुरादाबाद से बंगाल ले जाए जा रहे थे।



सलेमगढ़ स्थित फोरलेन के डिवाइडर पर चढ़ा पशु लदा ट्रक ● जागरण



**रामकोला में ब्लॉक प्रमुख चुनाव को लेकर जिले के आधा दर्जन थाना अध्यक्ष और पुलिसकर्मियों ने किया पैदल मार्च।** *संवाद न्यूज एजेंसी*

# तीन तस्कर गिरफ्तार 18 मवेशी मुक्त

**सलेमगढ़।** बाजार के पास एनएच पर शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे तरयासुजान पुलिस ने 18 मवेशियों को मुक्त कर तीन तस्करों को गिरफ्तार कियां। पुलिस पकड़े गए तस्करों के खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है। एसओ कपिलदेव चौधरी ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम ने सलेमगढ़ बाजार के पास एनएच पर घेराबंदी कर गोवंश लदे एक ट्रक को पकड़ा। इस पर 18 बैल क्रूरता से लदे थे। इन्हें बंगाल ले जाया जा रहा था। ट्रक से 18 मवेशियों को मुक्त कराया। गाड़ी में बैठे तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपी तस्कर ने अपना नाम शौकीन, जुनैन और नसीम निवासी भोजपुर जिला मुरादाबाद बताया है। पुलिस इनके खिलाफ केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुटी है। संवाद



रामकोला ब्लॉक प्रमुख चुनाव को लेकर मतदान केंद्र का निरीक्षण करते डीएम एस राजलिंगम और एसपी सचिंद्र पटेल। *संवाद न्यूज एजेंसी*

# पैदल मार्च कर पुलिस ने दिलाया सुरक्षा भरोसा

## कस्बे में ब्लॉक प्रमुख चुनाव के मद्देनजर पुलिस की चौकसी बढ़ी

संवाद न्यूज एजेंसी

**रामकोला/जटहां बाजार।** रामकोला कस्बा और मंसाछापर चौराहे पर शुक्रवार की शाम पुलिस ने पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलया। इस दौरान एसडीएम समेत सीओ सहित पुलिस के जवान मौजूद रहे।

शुक्रवार की शाम करीब छह बजे एसडीएम देश दीपक सिंह और सीओ शिवजी सिंह की अगुवाई में रामकोला पुलिस ने पूरे कस्बे का भ्रमण किया। रामकोला ब्लॉक प्रमुख चुनाव में सपा के पूर्व राज्य मंत्री राधेश्याम सिंह के लड़के दिग्विजय सिंह वह भाजपा के हिंदू वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गोविंद राव में सीधा मुकाबला है। शनिवार को मतदान होना है। इसके मद्देनजर प्रशासन की तरफ से चौकसी तेज कर दी गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए एसडीएम कप्तानगंज देश दीपक सिंह और सीओ खड्डा शिवजी सिंह की अगुवाई में पैदल मार्च निकाला गया। उन्होंने चेताया कि चुनाव के दौरान यदि कोई शांति व्यवस्था में खलल डाली तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

इस दौरान रामकोला एसओ डीके सिंह, नेबुआ नौरंगिया मिथिलेश राय समेत खड्डा व हनुमानगंज के पुलिस के जवान मौजूद रहे।

जटहां बाजार प्रतिनिधि के अनुसार मंसाछापर स्थित विशुनपुरा ब्लॉक में शनिवार को ब्लॉक प्रमुख पद के लिए मतदान होना है। इसको देखते हुए शुक्रवार की शाम को सीओ सदर संदीप वर्मा, कोतवाल पड़रौना अनुज सिंह और एसओ जटहा नंदा प्रसाद की अगुवाई में पैदल गश्त किया गया। सीओ ने ब्लॉक विशुनपुरा का निरीक्षण कर जानकारी ली और ड्यूटी में लगे पुलिस के जवानों को आवश्यक निर्देश दिए।

---

मुकाबले सपा की दुलारी देवी मैदान में हैं। इसके अलावा रामकोला ब्लॉक में भी कांटे की टक्कर है। यहां पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह के पुत्र दिग्विजय सिंह सपा उम्मीदवार हैं तो भाजपा ने भी हियुवा की पृष्ठिभूमि वाले आशुतोष गोविंद राव को मैदान में उतारा है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-07-2021

# महिला को मारने की कोशिश, पति हिरासत में

**बृजमनगंज।** बृजमनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार दोपहर एक महिला का गला दबाकर मारने का सनसनीखेज मामला सामने आया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को इलाज के लिए सीएचसी भेजने के साथ ही आरोपी पति को हिरासत में ले लिया। सीएचसी से महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

इस गांव में महिला अपने मायके में रहती थी। दस दिनों से उसका पति आकर रह रहा था। शुक्रवार दोपहर किसी बाद को लेकर दोनों में विवाद हो गया। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो उसकी हालत खराब दिखी।

# पूर्व प्रमुख समेत 15 पर केस, दो गिरफ्तार

**महराजगंज | निज संवाददाता**

सदर ब्लाक प्रमुख के चुनाव को लेकर गुरुवार की आधी रात फरेंदा रोड स्थित एक मैरेज हाउस के सामने विवाद हो गया। मौके पर एसपी प्रदीप गुप्ता भी पहुंच गए। इस मामले में प्रमुख पद की प्रत्याशी सोनी के पति विवेक की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व ब्लाक प्रमुख समेत 15 के खिलाफ केस दर्ज किया है। इनमें चार नामजद हैं। शुक्रवार को पुलिस ने पूर्व प्रमुख सहित दो का चालान कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष का कहना रहा कि चुनावी रंजिश को लेकर मामले को तूल दिया गया। उन लोगों को बेवजह फंसाया जा रहा है।

## कार्रवाई

- **सदर ब्लॉक प्रमुख चुनाव को लेकर आधी रात को हुआ था विवाद**
- **प्रत्याशी सोनी के पति ने पुलिस को दी थी तहरीर**

सदर ब्लाक की भाजपा प्रत्याशी सोनी कश्यप के पति विवेक गुप्ता की तहरीर के मुताबिक वह अपने पिता व सहयोगियों के साथ कन्हैया गेस्ट हाउस पर मौजूद थे। उसी समय तीन गाड़ी में 10-15 लोग आए। विवेक के आरोप के मुताबिक आरोपित असलहा लहराते हुए दूसरे पक्ष के समर्थन में वोट करने के लिए दबाव बनाने लगे। विवेक का यह भी आरोप है कि वे लोग उनके पिता रामप्रीत के अलावा सहयोगी नपा अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल व बागापार निवासी जितेन्द्र शुक्ला के पास असलहा लेकर पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक मनीष सिंह ने बताया कि गबड्डआ निवासी अख्तर, रामपुर बुजुर्ग निवासी जमशेद, करमहा निवासी पूर्व प्रमुख केशव बहादुर बलदाऊ सिंह व सूर्य प्रताप सिंह के अलावा 10-11 अज्ञात के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 171(ग)(क), 506 व दंडविधि संशोधन अधिनियम की धारा 7 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। केशव बहादुर सिंह व सूर्य प्रताप सिंह को जेल भेज दिया गया।

# निरस्त होगा असलहों का लाइसेंस

**महराजगंज :** पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि गुरुवार की रात में गेस्टहाउस पर हंगामा करने के मामले में शामिल तीनों बरामद असलहों के लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। तीनों बरामद असलहों में दो डबल बैरल व एक पिस्टल है। इसमें एक असलहा पूर्व प्रमुख केशव बहादुर उर्फ बलदाऊ सिंह तो एक उसके भाई और एक उसके पिता के नाम से है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को न्यायालय चालान किया जा रहा है।

# जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

## मतदान के लिए सुरक्षा के तगड़े इंतजाम, निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराने के निर्देश दिए गए

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** शनिवार को जिले में प्रस्तावित ब्लॉक प्रमुख पद पर मतदान व मतगणना के लए प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। सहायक निर्वाचन अधिकारी, पीठासीन व मतदान अधिकारी की तैनाती के बाद मतदान व मतगणना को निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

उधर, मतदान के लिए सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने बताया कि घुघली ब्लॉक में सदर तहसीलदार नरेशचंद, सदर में सिंचाई खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता विनोद कुमार, मिठौरा में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सचिन कुमार तथा निचलौल ब्लॉक में एसडीएम प्रमोद कुमार को तथा नौतनवां ब्लॉक में अधिशासी अभियंता नलकूप खंड अरुण बाबू गुप्ता, लक्ष्मीपुर ब्लॉक में तहसीलदार नौतनवां अशोक कुमार गुप्ता, बृजमनगंज ब्लॉक में एसडीएएम फरेंदा अभय गुप्ता तथा धानी ब्लॉक में अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड द्वितीय राजीव कपिल को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। घुघली, सदर, मिठौरा व निचलौल ब्लॉक के लिए सीडीओ गौरव सिंह सोगरवाल तथा नौतनवां, लक्ष्मीपुर, बृजमनगंज व धानी ब्लॉक के लिए एडीएम कुंज बिहारी अग्रवाल को जोनल अधिकारी के रूप में तैनात किया गया है। सभी को संबंधित क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं।



नौतनवां में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण करते प्रेक्षक। संवाद न्यूज एजेंसी

### एसडीएम ने धानी मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

**महराजगंज।** शनिवार को प्रस्तावित प्रमुख पद के मतदान के लिए एसडीएम फरेंदा अभय गुप्ता ने शुक्रवार को धानी ब्लॉक में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मियों को मतदान के दौरान व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। संवाद

### मतदान केंद्र का प्रेक्षक ने जायजा लिया

नौतनवां। ब्लॉक प्रमुख पद पर चुनाव के लिए प्रशासन सतर्क है। किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए चुनाव प्रेक्षक प्रमोद कुमार उपाध्याय ने रतनपुर स्थित नौतनवां ब्लॉक कार्यालय में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान एआरओ उपजिलाधिकारी नौतनवां रामसजीवन मौर्य से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुशांत सिंह, प्रभारी निरीक्षक नौतनवां राजेश कुमार पांडेय, एपीओ सुनील कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे। संवाद

# वैन से बिहार जा रही शराब बरामद

**निचलौल।** थानाक्षेत्र के करमहियां गांव में पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने बृहस्पतिवार की देर रात बिहार भेजी जा रही शराब को एक वैन से बरामद किया।

वैन से आठ पेटी देसी और चार पेटी बीयर बरामद हुआ। जबकि वैन छोड़कर चालक फरार हो गया। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग देसी और बीयर की दुकानों से शराब की कालाबाजारी हो रही है। सूचना के आधार पर झुलनीपुर बीओपी के एसएसबी सहायक कमांडेंट अनीश केएम और आबकारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार यादव के साथ झुलनीपुर नहर मार्ग स्थित करमहिया गांव के पास वैन की घेराबंदी की गई। वैन को सीज कर दिया गया है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-07-2021

# सोनहा पुलिस ने 50 लोगों के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** सोनहा पुलिस ने रामनगर विकास खंड मुख्यालय पर प्रमुख पद के लिए गुरुवार को नामांकन के दौरान बवाल करने, लाठी डंडा, ईंट-पत्थर चलाने,सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में पुलिस ने 50 व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र की दी गई तहरीर पर यह कार्रवाई की गई है। वहीं बनकटी ब्लाक पर प्रमुख पद के लिए प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान प्रत्याशी संजू देवी पत्नी रामशंकर का नामांकन पत्र विपक्षी के समर्थक रामायण सिंह निवासी महादेवा पगार द्वारा फाड़ने के मामले में लालगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामले में एआरओ संजय कुमार त्रिपाठी ने पुलिस को तहरीर दी थी। गौर पुलिस ने ब्लाक मुख्यालय पर नामांकन के दौरान बवाल, पुलिस टीम पर पथराव के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मारपीट की दो घटनाओं में एफआईआर

**पैकोलिया।** पैकोलिया के मिश्रौलिया दुर्वासा निवासी राधा देवी का आरोप है कि गांव के संजय कुमार, राजीव कुमार, सुधीर व रणजीत कुमार ने घर में घुसकर मारपीट की। जानमाल की धमकी देते हुए तोड़फोड़ की। पुलिस ने मारपीट की दो घटनाओं में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं रुधौली के मधवापुर निवासी रामनवल का आरोप है कि पोखरे में मछली पालन का पैसा जमा न करने पर पूछा तो उन्हें व उनके बेटे को गांव के विपिन कुमार, विकास सिंह ने मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। वहीं दोनों मामलों में केस दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है। संवाद

# फायरिंग और वाहनों की तोड़फोड़ में 24 नामजद कई अज्ञात पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**दुबौलिया (बस्ती)।** ब्लॉक प्रमुख पद के नामांकन के दौरान हुए बवाल में पुलिस ने अलग-अलग दो मुकदमे दर्ज किए हैं। थानेदार की तहरीर पर 24 नामजद समेत 70-80 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि दूसरी तहरीर ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी ने दी है जिसके आधार पर 24 नामजद व पांच-छह सौ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थानेदार और ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी ने जिन 24 लोगों को नामजद में आरोपी बनाया है वे दोनों एक ही हैं।

प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने तहरीर में आरोप लगाया है कि बृहस्पतिवार को करीब साढ़े ग्यारह बजे ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी तालेवन यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गीता यादव, श्रीराम, राजेश यादव, आज्ञाराम, प्रदीप, रमेश, सोनू, जगदीश यादव, प्रेमचंद, परशुराम, चन्द्रभान, चन्द्र भूषण, राजेश, देवव्रत सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, कन्हैया समेत 70-80 अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडा, हॉकी व असलहा लहराते हुए पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की। चारों तरफ अफरातफरी का माहौल बनाते हुए सड़क पर खड़े वाहनों भी नुकसान पहुंचाया। रामजानकी मार्ग से गुजर रहे वाहन भी इनके निशाना बने। थाना प्रभारी का आरोप है कि उनके ऊपर भी फायर किया गया। थाने पर तैनात सिपाही रामाज्ञा, गोवर्धन, महिला सिपाही पल्लवी सिंह, चालक रामजीत मौर्या को घायल कर दिया गया। पुलिस ने आरोपितों पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं व 7 सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

वहीं भाजपा प्रत्याशी विनय कुमार सिंह उर्फ सोनू की तहरीर पर

### एसएचओ और भाजपा प्रत्याशी ने दी अलग-अलग तहरीर

प्रमुख), राजेश यादव, भगवान बक्स, श्रीराम सिंह, सुनील सिंह आज्ञाराम, कैलाश, प्रदीप उर्फ मुलायम यादव, रमेश यादव, सोनू पांडेय, जदगीश यादव, जगदीश यादव, मंशाराम कन्नौजिया, प्रेमचन्द्र यादव, आदर्श यादव, रामसागर, संतराम यादव, विकास यादव, परशुरम उर्फ झिन्नेलाल, मो. स्वाले , उमेश, कैश मोहम्मद, के अलावा 500-600 अज्ञात पर उपद्रव, फायरिंग, तोड़फोड़, धमकी आदि के

## बनकटी में नामांकन पत्र फाड़ने का मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** बनकटी ब्लॉक पर बृहस्पतिवार को ब्लॉक प्रमुख चुनाव के नामांकन का पर्चा छीनकर फाड़ने के मामले में लालगंज पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया।बनकटी ब्लॉक के सहायक निर्वाचन अधिकारी व उपनिदेशक कृषि संजय कुमार त्रिपाठी ने तहरीर दी। जिसमें बताया गया है कि बनकटी ब्लॉक पद पर प्रत्याशी के नामांकन के दौरान प्रत्याशी संजू देवी पत्नी रामशंकर निवासी गुमानारी थाना मुंडेरवा नामाकंन पत्र भरकर दाखिल करने गईं। काउंटर पर अपना नामांकन पत्र देकर जैसे ही लौटीं। वहां मौजूद विपक्षी के समर्थक रामायण सिंह निवासी महादेवा पगार थाना लालगंज ने नामांकन काउंटर के पास से पर्चा हाथ से लेकर फाड़ दिया। लालगंज पुलिस ने रामायण सिंह के खिलाफ आईपीसी की धाराओं के अलावा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख समेत सात पर अपहरण का मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

## पैकोलिया थाने में बीडीसी सदस्य के पिता ने दी थी तहरीर

**पैकोलिया।** गौर ब्लॉक के जलालाबाद क्षेत्र पंचायत सदस्य के पिता की तहरीर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख महेश सिंह समेत चार नामजद तथा तीन अज्ञात लोगों पर पुलिस ने अपहरण तथा दलित उत्पीड़न एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

पैकोलिया थाना क्षेत्र के जलालाबाद निवासी प्रेमसागर का आरोप है कि उनका पुत्र मुकेश कुमार जलालाबाद से क्षेत्र पंचायत सदस्य है। पूर्व प्रमुख गौर महेश सिंह, अरविंद सिंह, संजीव सिंह और हरेंद्र सिंह उर्फ घप्पू समेत तीन अज्ञात लोग चार जुलाई की शाम करीब साढ़े छह बजे मेरे घर आये। पिस्टल के बल पर मेरे लड़के मुकेश कुमार को उठा ले गए। जब वह उनके घर अपने लड़के की हालचाल जानने पहुंचे तो मुझे जातिसूचक गाली देते हुऐ भगा दिया।

पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर बृहस्पतिवार रात मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले के विवेचक क्षेत्राधिकारी हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच की जा रही है।

# दो पूर्व प्रमुखों पर अपहरण का मुकदमा

**जागरण संवाददाता पैकोलिया वमनान बस्ती :** पैकोलिया थाना क्षेत्र के जलालाबाद गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो पूर्व ब्लाक प्रमुख के विरुद्ध अपहरण सहित एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। दोनों पूर्व प्रमुख रिश्ते में पिता- पुत्र हैं।

**कार्रवाई**

- **क्षेत्र पंचायत सदस्य के पिता की तहरीर पर की गई कार्रवाई**
- **रिश्ते में पिता-पुत्र हैं दोनों पूर्व प्रमुख**

जलालाबाद गांव निवासी प्रेम सागर ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसका पुत्र मुकेश जलालाबाद गांव का क्षेत्र पंचायत सदस्य है। चार जून की रात महेश सिंह, अरविंद सिंह, संजीव सिंह, हरेंद्र सिंह, दो तीन साथियों के साथ उनके घर आए। उसके पुत्र के सिर पर पिस्टल रख उसे उठा ले गए । बाद में जब वह उनके घर जाकर पहुंचकर अपने पुत्र को छोड़ने के लिए कहा तो उन्होंने जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए भगा दिया। महेश सिंह व अरविंद सिंह गौर के ब्लाक प्रमुख रह चुके हैं ।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-07-2021

# सात भैंस के साथ नेपाली तस्कर पकड़ा गया

**बानगंगा।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी धनौरा के जवानों ने इंडो-नेपाल बार्डर पर सात भैस की तस्करी करते हुए एक तस्कर पकड़ा गया शुक्रवार को सीमा चौकी धनौरा के जवानों ने सीमा स्तम्भ संख्या 558(56) के पास इंडो नेपाल बार्डर पर एक तस्कर को पकड़ा, जिसका नाम रहीश मिया पुत्र बहराइची पता-महुली वार्ड नं 4 थाना-चनरौटा जिला- कपिलवस्तु (नेपाल) अवैध रूप से भारत से नेपाल सात भैस की तस्करी करते हुए पकड़ा गया। जब्त किए गए भैसों के साथ तस्कर को थाना शोहरतगढ़ को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान सीमा चौकी धनौरा की पैट्रोलिंग पार्टी मे मुख्य आरक्षी इंद्रजीत गुप्ता, आरक्षी जतेजा, जयंत, दुर्गेश कुमार, प्रमोद कुमार शामिल रहे ।

**ब्लाक प्रमुख का चुनाव**

# सकुशल सम्पन्न कराने के लिए इटवा में लगीअतिरिक्त फोर्स

सिद्धार्थनगर।

सहारा न्यूज ब्यूरो

ब्लाक प्रमुख पद का चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने के लिए ब्लाक मुख्यालयों पर सुदृढ़ बैरिकेडिंग कराई गई है। मतदान केंद्र से 100 मीटर की परिधि में केवल उम्मीदवार, मतदाताओं और अन्य ऐसे व्यक्ति जिन्हे निर्वाचन अधिकारी मतदान में अपनी सहायता के प्रयोजन के लिए समय-समय पर आने जाने की आवश्यकता के अतिरिक्तअन्य कोई प्रवेश नहीं करेगा।

मतदान केंद्र पर मोबाइल अस्त्र-शस्त्र, पेन अथवा कोई ज्वलनशील पदार्थ ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतदान केंद्र के प्रवेश द्वारा पर ही चेकिंग/फ्रिस्किंग, सघन तलाशी ली जाएगी। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। भारी वाहनों का आवागमन इटवा कस्बे में नहीं होगा। बल्कि यह वाहन ढ़ेवरुआ से डायवर्ट कर शोहरतगढ़-सनई चौराहा से होकर गंतवय को जाएंगे। इसी प्रकार डुमरियागंज से इटवा की तरफ जाने वाले भारी वाहन डुमरियागंज से डायवर्ट होकर मिठवल बांसी होते हुए गंतव्य की तरफ को जाएंगे। मतदान व मतगणना को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु इटवा ब्लाक पर एक क्षेत्राधिकारी, 7 थाना प्रभारी, 25 उप-निरीक्षक, 200 आरक्षी/मुख्य आरक्षी व 15 महिला आरक्षी लगाई गई हैं । इसके अलावा सभी विकास खण्डों पर दो-दो थाना प्रभारीधनिरीक्षक 10 उप-निरीक्षक, 45आरक्षी/मुख्य आरक्षी व 5 महिला आरक्षी लगाई गई हैं । सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में 6 क्षेत्राधिकारी, 26 थाना प्रभारी, 108 उप निरीक्षक, 575 आरक्षी/मुख्य आरक्षी व 60 महिला आरक्षी ड्यूटी में लगाई गई हैं। सभी तहसील मुख्यालयों पर कर क्यूआरटी टीम लगाई गयी हैं। सभी विकास खण्डों में पर्याप्त संख्या में पीएसी लगाई गई है। यूपी 112 के वाहनों को भी मतदान केंद्रों के आसपास नियोजित किया गया है। साप्ताहिक कोरोना कर्फ्यू को दृष्टिगत रखते हुए बिना कारण के आवागमन पूर्णतया प्रतिबंधित होगा। कोविड-19 प्रोटोकल व सोशल डिस्टेंसिंग का प्रत्येक दशा में अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

**भारी वाहनों का प्रवेश आज इटवा कस्बे में नही होगा, रूट को किया गया डायवर्ड**

**ढ़ेबरुआ से इटवा जाने वाले भारी वाहन रूट डायवर्जन के बाद अब शोहरतगढ़ सनई होते अपने गंतव्य को जाएंगे**

**मतदान केंद्र पर पेन, शस्त्र व ज्वलनशील पदार्थ लेकर नही जा सकेंगे**

**सीसीटीवी की निगरानी में होगी पूरी चुनाव प्रक्रिया**

## संज्ञेय अपराध व शांति व्यवस्था के तहत तीन गिरफ्तार

**लोटन।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बघेली निवासी तीन लोगों को लोटन पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को सुबह न्यायालय भेज दिया। उक्त जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक राम आशीष यादव ने बताया कि अपराधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से ग्राम बघेली निवासी राजेश, बृजेश एंव नीरज पुत्र लालचन्द को संज्ञेय अपराध घटित होने की सम्भावना के मद्देनजर शान्ति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से धारा 151,107,116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# चरस संग युवक दबोचा, जेल भेजा

लोटन | **हिन्दुस्तान संवाद**

लोटन कोतवाली पुलिस ने नेपाल सीमा के करीब ठोठरी में वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार एक युवक के पास से 1.2 किलो चरस बरामद की। पुलिस ने आरोपित को एनडीपीएस एक्ट में चालान कर दिया।

लोटन कोतवाली के एसआई इंसांशू व सिपाही राजेंद्र यादव, मनीष गौड़ नेपाल सीमा के करीब ठोठरी में शुक्रवार दोपहर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान नेपाल सीमा की ओर से आ रहे बाइक सवार युवक को रोकने की कोशिश की तो भागने लगा। उसे पकड़ लिया गया और डिक्की तलाशी ली गई तो उसमें छिपा कर रखा गया 1.2 किलो चरस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी सुरेंद्र पुत्र नाथ निवासी करमा थाना उस्का बाजार ने बताया कि वह चरस लेकर नेपाल से आ रहा था। कहां सप्लाई करनी थी इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दी। पुलिस ने उसे धारा 4/21 एनडीपीएस एक्ट में चालान कर जेल भेज दिया है। लोटन कोतवाल राम आशीष यादव ने बताया कि नेपाल से चरस लाते हुए पकड़े गए युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## नेपाली टूथपेस्ट के साथ एक गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** एसएसबी के बजहा चौकी के जवानों ने शुक्रवार को पिलर संख्या 551(46) के पास से 1008 पीस नेपाली टूथ पेस्ट के साथ बाइक सवार एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान कपिलवस्तु थाना क्षेत्र के भरौली गांव निवासी रवि प्रकाश यादव के रूप में हुई। एसएसबी ने बरामद सामान के साथ आरोपित को ककरहवा कस्टम को सौंप दिया। 43वाहिनी एसएसबी के कार्यवाहक कमांडेंट अमित सिंह ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए पैट्रोलिंग के माध्यम से निरंतर प्रयासरत है।

# 181 वाहनों का चालान

**सिद्धार्थनगर।** शनिवार को जिले में वाहन चेकिंग के दौरान बगैर हेलमेट, अधिक सवारी बिठाने व कोविड प्रोटोकाल का पालन न करने वाले 181 वाहनों का एमवी एक्ट में चालान किया। इस दौरान वाहन स्वामियों से 178500 रुपये का शमन शुल्क वसूल किया गया।

## एक किलो दो सौ ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर : लोटन पुलिस ने शुक्रवार को एक व्यक्ति को एक किलो 200 ग्राम चरस के साथ बहद दामहदेइयां मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है। अन्तराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत एक करोड़ 20 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तारी टीम में आरोपित का नाम सुरेंद्र निवासी करमा थाना लोटन है। उप निरीक्षक इशांशु श्रीवास्तव ने बताया कि वह हमराहियों के साथ मोड़ पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच युवक आते दिखा। तलाशी के दौरान उसके पास से चरस बरामद किया गया। जांच टीम में आरक्षी मनीष गौड़, राजेंद्र यादव शामिल रहे। (जासं.)

## 181 वाहनों का चालान

**जासं, सिद्धार्थनगर:** पुलिस ने शुक्रवार को वाहन चेकिंग जांच अभियान चलाया। 883 वाहनों को चेक किया गया। दस्तावेज न होने पर 181 वाहनों का चालन किया गया।

# मतदान आज, रहेगा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम

## कड़ी सुरक्षा के बीच ब्लॉक प्रमुख पद के लिए होगी वोटिंग, क्षेत्र पंचायत सदस्य डालेंगे वोट

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक प्रमुख पद के लिए नामांकन के समय हुए बवाल और विवाद के बाद पुलिस और सतर्क हो गई है। शनिवार को ब्लॉक प्रमुख पद के लिए होने वाले मतदान को देखते हुए ब्लॉकों पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है।

जिले के सभी 10 ब्लॉक छावनी में तब्दील रहेंगे। 100 मीटर के दायरे में उम्मीदवार और मतदाता ही जा पाएंगे। इसमें सीओ और सभी थानाध्यक्ष सुरक्षा का जायजा लेते रहेंगे। जिले के 10 ब्लॉक में प्रमुख पद के लिए वोटिंग होगी। चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए ब्लॉकों और इर्द-गिर्द सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहेगा।

एएसपी सुरेश चंद रावत ने बताया कि ब्लॉक प्रमुख पद के निर्वाचन के लिए जनपद के कुल 10 विकास खंडों में मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया संपन्न होगी। जिसके दृष्टिगत रखते हुए समस्त ब्लॉक मुख्यालयों पर सुदृढ़ बैरिकेडिंग कराई गई है। मतदान केंद्र से 100 मीटर की परिधि में केवल उम्मीदवार, मतदाताओं और अन्य ऐसे व्यक्ति जिन्हें निर्वाचन अधिकारी मतदान में अपनी सहायता के प्रयोजन के लिए समय-समय पर आने जाने की आवश्यकता के अतिरिक्त अन्य कोई प्रवेश नहीं करेगा। अगर कोई प्रवेश करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मतदान केंद्र पर मोबाइल अस्त्र शस्त्र, पेन अथवा कोई ज्वलनशील पदार्थ ले जाना अनुमन्य नहीं होगा। मतदान केंद्र के प्रवेश द्वारा पर ही चेकिंग, सघन तलाशी ली जाएगी। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। भारी वाहनों का आवागमन इटवा कस्बे में नहीं होगा बल्कि यह वाहन ढेबरुआ से डायवर्ट कर शोहरतगढ़-सनई चौराहा से होकर जाएंगे। इसी प्रकार डुमरियागंज से इटवा की तरफ जाने वाले भारी वाहन डुमरियागंज से डायवर्ट होकर मिठवल बांसी होते जाएंगे। मतदान व मतगणना को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए इटवा ब्लॉक पर एक क्षेत्राधिकारी, सात थाना प्रभारी, 25 एसआई, 200 आरक्षी, मुख्य आरक्षी व 15 महिला आरक्षी लगाई गई हैं। सभी विकास खंडों पर दो-दो थाना प्रभारी निरीक्षक 10 उपनिरीक्षक, 45 आरक्षी, मुख्य आरक्षी और पांच महिला आरक्षी लगाई गई हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में छह क्षेत्राधिकारी, 26 थाना प्रभारी, 108 उप निरीक्षक, 575 आरक्षी, मुख्य आरक्षी व 60 महिला आरक्षी ड्यूटी में लगाई गई हैं।

सभी तहसील मुख्यालयों पर कर क्यूआरटी लगाई गई हैं। पर्याप्त संख्या में पीएसी लगाई गई है। यूपी-112 के वाहनों को भी मतदान केंद्रों के आसपास तैनाती रहेगी।



इटवा ब्लॉक के गेट पर तैनात पुलिस के जवान। *संवाद न्यूज एजेंसी*

# 1200 ग्राम चरस बरामद, एक गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**लोटन।** कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान महदेइया के पास एक संदिग्ध को पकड़ा। उसके कब्जे से 1200 ग्राम चरस बरामद किया। इसके बाद उसके खिलाफ केस दर्ज करके जेल भेज दिया है।

कोतवाल लोटन रामअशीष यादव ने बताया कि शुक्रवार को क्षेत्र के महदेइया के पास चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 1200 ग्राम चरस बरामद किया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान सुरेंद्र निवासी करमा बताया। उसके खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही आरोपी को जेल भेज दिया गया।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-07-2021

# कच्ची के ठिकानों पर आबकारी का छापा

**धनघटा (एसएनबी)**। प्रदेश भर में इस समय विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी संतकबीरनगर के निर्देश पर प्रवर्तन अभियान के तहत ज़िला आबकारी अधिकारी संतकबीरनगर के पर्यवेक्षण ने शुक्रवार को आबकारी टीम ने धनघटा थाना क्षेत्र के बड़गो और मुण्डेराशुक्ल गांव में कच्ची के ठिकानों पर छापा मारते हुए 20 लीटर अवैध शराब बरामद किया और लगभग 5 कुन्तल लहन को नष्ट किया। इसके साथ ही दो अभियुक्तों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। जानकारी के अनुसार आबकारी निरीक्षक धनघटा आलोक कुमार सिंह, आबकारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह, आबकारी निरीक्षक भवानी प्रताप सिंह, आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन बस्ती अजय कुमार अपने हमराहियों के साथ शुक्रवार को शासन की मंशा के अनुरूप प्रवर्तन अभियान के तहत धनघटा थाना क्षेत्र के बड़गो और मुण्डेराशुक्ल के कई घरों तथा ईंट-भट्ठों पर स्थित कच्ची के ठिकानों पर छापा मारा तथा दर्जन भर से अधिक घरों की सघन तलाशी ली। इस दौरान आबकारी टीम ने अलग-अलग जगहों से कुल 20 लीटर कच्ची शराब बरामद किया साथ ही भट्ठे से सटे खेतों में बने गड्ढ़ों से लगभग 5 कुन्तल से अधिक लहन को नष्ट किया। आबकारी टीम ने इस दौरान अभियुक्तों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा भी पंजीकृत किया।

# प्रेक्षक ने दिए पारदर्शिता के निर्देश

नाथनगर | हिन्दुस्तान संवाद

ब्लाक प्रमुख चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिले के आब्जर्वर राम निवास गुप्ता शुक्रवार को नाथनगर व हैंसर ब्लाक मुख्यालय पहुंच तैयारियों का जायजा लिया। मतदान केंद्र का निरीक्षण कर पुलिस से सुरक्षा सम्बन्धित जानकारी ली। प्रत्याशियों की स्थिति से अवगत हुए और सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी कराई जाए।

ब्लाक प्रमुख चुनाव के मद्देजनर जिले में तैनात आब्जर्वर राम निवास गुप्ता शुक्रवार को नाथनगर मतदान केंद्र पर पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने ब्लाक मुख्यालय में बनाये गए मतदान व मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। मतदाताओं की लाइन, बैलेट बॉक्स रखने के स्थान के प्रति अवगत हुए। उन्होंने चप्पे चप्पे की जानकारी ली। एसओ धर्मेन्द्र कुमार सिंह से सुरक्षा सम्बंधी जानकारी ली।



व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे जिले के आब्जर्वर राम निवास गुप्ता।

उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि हर हाल में चुनाव पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराया जाय। उन्होंने कहा कि निर्धारित तय मानक के अनुरूप ही समर्थकों को रुकने दिया जाए। निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के तहत ही मतदान होगा। इस मौके पर इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार गौतम, बीडीओ विजय कुमार पाण्डेय, एडीओ पंचायत विश्राम प्रसाद, आरओ नागेन्द्र कुमार सिंह, एसआई पारसनाथ यादव मौजूद रहे।

# सीसी टीवी कैमरे से होगी निगरानी

लोहरौली। सेमरियावां ब्लाक के प्रमुख पद का मतदान व गणना शनिवार को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी होगी।


11 बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभा कक्ष में मतदान होगा। मतदान के बाद मतगणना शुरू होगी। मतदान व मतगणन के लिए अवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को एसडीएम राजनारायन त्रिपाठी व सीओ अम्बरीष सिंह भदौरिया ने ब्लाक का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया।



बौरब्यास चौकी पर बरगद का पौधारोपण करते चौकी प्रभारी चंद्रप्रकाश सिंह • जागरण

# बिना मास्क घूम रहे 16 से 2500 जुर्माना वसूला

संतकबीरनगर। एसपी के निर्देश पर जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। बिना मास्क के मिले 16 लोगों पर जुर्माना लगाते हुए 2500 रुपये की राजस्व वसूली की गई।



एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अभियान चलाया गया है। यह अभियान आगे भी चलेगा। लोग बाहर निकलें तो मास्क जरूर लगाएं। इसके साथ ही सामाजिक दूरी का पालन भी करें। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-07-2021

# एक किलो चरस के साथ एक गिरफ्तार

**धानेपुर।** पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के नौव्वा गांव नहर पुलिया के पास से एक व्यक्ति को एक किलो चरस के साथ गिरफ्तारी किया है। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया नौव्वा गांव नहर पुलिया के पास से एक व्यक्ति चरस की तस्करी कर ले जा रहा है। इस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए बल प्रयोग करते हुए उसे मौके से ही दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सईद निवासी देवरिया अलावल ने बताया है।

# तमंचा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**परसपुर।** पुलिस ने आपरेशन तमंचा के तहत चलाए गए अभियान में शुक्रवार को पसका मार्ग स्थित बंधे के समीप से ग्राम पसका निवासी सुशील पाण्डेय को गिरफ्तार किया है। उसके पास एक देसी तमंचा व दो जीवित कारतूस बरामद किया गया है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को न्यायालय भेजा गया है। इसके अलावा पुलिस ने अलग अलग प्रकरण में सात व्यक्तियों पर शान्ति भंग की कार्रवाई की है।

# शांतिभंग में 76 गिरफ्तार पूर्व विधायक पाबंद

जागरण टीम, गोंडा : ब्लॉक प्रमुख के चुनाव को लेकर पुलिस ने शांतिभंग व अन्य मामलों में 76 आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

वहीं कटरा बाजार के पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे सहित सपा व भाजपा के 13 लोगों को पुलिस ने पाबंद किया है। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जिले में ब्लॉक प्रमुख चुनाव के मतदान से पूर्व सभी थानाध्यक्षों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में बीते 24 घंटे में 76 आरोपितों को विभिन्न आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। वहीं इटियाथोक पुलिस ने गैंगस्टर आरोपित मो. इश्तियाक खां व अरबान निवासी सेमगढ़ा इकौना को गिरफ्तार किया है। कटरा बाजार : पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे, अर्जुन प्रसाद, नवल किशोर, राधेश्याम, राजेंद्र, पवन कुमार, मातादीन, सुधीर, परमानंद, राजेंद्र प्रसाद, मसूद आलम, विष्णु भगवान व धनलाल को पाबंद किया गया है।

# छत का स्लैब खोलते नीचे गिरे युवक की मौत

**गोंडा।** कौड़िया थाने में सिपाहियों के लिए चल रहे बैरक निर्माण के दौरान शुक्रवार की सुबह राजगीर मजदूरों के साथ बैरक की स्लैब खोल रहे थे। इसी बीच पैर फिसलने से राजगीर चाचा-भतीजे तीसरी मंजिल की छत से नीचे गिर गए। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। भतीजे की जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई, जबकि चाचा का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**कौड़िया थाने में बनी तीन मंजिला बैरक की छत का स्लैब खोल रहे चाचा-भतीजे**

बता दें कि इन दिनों जनपद के 17 थानों बैरक समेत आवासीय निर्माण का काम चल रहा है। जनपद के कौड़िया थाने में तीन मंजिला बैरक का निर्माण हुआ है। सुलतानपुर जनपद के लंभुवा के रहने वाले दीपक कुमार ने बताया कि उसका भाई सोमनाथ व भतीजा संतराम दोनों राजगीर का काम करते हैं। दीपक के मुताबिक कौड़िया थाने में हाल ही में बैरक की छत ढाली गई थी। शुक्रवार की सुबह सोमनाथ (32) व संतराम (30) मजदूरों के संग बैरक के छत की स्लैब खोल रहे थे। इसी बीच संतराम का पैर फिसल गया, उसे बचाने के चक्कर में संतराम के साथ सोमनाथ भी नीचे गया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी ले जाया गया। जहां से दोनों को नाजुक हालत में चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। संतराम की जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई, जबकि सोमनाथ का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष कौड़िया चितवन कुमार ने बताया कि बैरक की छत का स्लैब खोलते समय दो राजगीर गिरकर घायल हो गए थे। दोनों का अस्पताल भेजा गया था। पता चला है कि एक राजगीर की मौत हो गई है।

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-07-2021

# मानव तस्करी रोकने को नेपाल सीमा की होगी निगरानी

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) व थानों पर नामित बाल कल्याण अधिकारियों की बैठक रिजर्व पुलिस लाइन में हुई। इसमें बाल अपराध व मानव तस्करी पर नकेल कसने के लिए पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र ने कहाकि भीड़भाड़ वाले स्थानों, रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टाप, टैक्सी स्टैंड व छुट्टी होने के समय स्कूलों की निगरानी करें। प्रभारी एएचटीयू ममता सिंह यादव को निर्देशित किया कि नेपाल सीमा से जिले के प्रवेश मार्गों पर थाना प्रभारियों के सहयोग से निगरानी करें। मानव तस्करी रोकने के लिए सीमावर्ती गांवों के लोगों को जागरूक करें। कहा कि थानों पर नियुक्त बाल कल्याण अधिकारी बच्चों से संबंधित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं।

# दो ब्लाकों में प्रमुख पद के लिए मतदान आज

## तुलसीपुर व हर्रैया सतघरवा में तीन-तीन प्रत्याशी, सात प्रमुख निर्विरोध निर्वाचित





हर्रैया सतघरवा ब्लाक कार्यालय में नामांकन पत्रों की जांच करते एआरओ राजेश पांडेय और ब्लाक कार्यालय के गेट पर तैनात पुलिस बल ● जागरण

**जागरण टीम, बलरामपुर :** दो ब्लाकों हर्रैया सतघरवा और तुलसीपुर में प्रमुख पद के लिए शनिवार को मतदान होगा। मतदान व मतगणना को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। विकास खंड कार्यालय को जाने वाले मार्ग पर बैरियर लगाकर आमजन का आवागमन रोक दिया जाएगा। सुबह 11 से तीन बजे तक मतदान चलेगा। उसके बाद मतों की गणना की जाएगी। तुलसीपुर में 132 और हर्रैया सतघरवा में 134 क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं। सात ब्लाकों में एकल नामांकन होने के कारण सभी के निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा कर दी गई।

शुक्रवार को नाम वापसी को लेकर तुलसीपुर ब्लाक में काफी गहमागहमी रही। यहां से भाजपा समर्थित अनीता सिंह, फिरदौस बानो और भाजपा की बागी स्वमिता सिंह मैदान में हैं। भाजपाइयों ने अनीता सिंह व स्वमिता सिंह में आपसी सहमती बनाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। नाम वापसी का समय बीतने के साथ ही चुनावी संघर्ष तय हो गया। प्रमुख बनने के लिए तीनों उम्मीदवार क्षेत्र पंचायत सदस्यों से संपर्क में जुटे हैं।

हर्रैया सतघरवा ब्लाक प्रमुख का चुनाव सबसे अधिक संवेदनशील माना जा रहा है। यहां से कांग्रेस के पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू के भतीजे अविरल सिंह, बहन विभा सिंह और भाजपा के गुलाब पाठक मैदान में हैं। सीधी लड़ाई अविरल सिंह व गुलाब पाठक के बीच है। दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच सात जुलाई को हाथापाई हो चुकी है। इसे देखते हुए प्रशासन सख्त है।

**सात प्रमुख निर्विरोध :** सात ब्लाक प्रमुख पचपेड़वा मनोज तिवारी, गैंसड़ी शक्ति सिंह, बलरामपुर आरती सोनकर, श्रीदत्तगंज हेमंत जायसवाल, उतरौला सोहरता देवी, गैंड़ासबुजुर्ग राकेश तिवारी व रेहराबाजार पंकज सिंह चौहान निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

# मानव तस्करी पर अंकुश लगाने का चलेगा अभियान

बलरामपुर। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार को एएसपी अरविंद मिश्र ने एंटी ह्यूमन ट्रैफकिंग यूनिट की समीक्षा की। बैठक में मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति व पोस्को एक्ट से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा कर एएसपी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक को संबोधित करते हुए एएसपी ने कहा कि मानव तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए भारत-नेपाल सीमा से सटे थानों व कोतवाली की पुलिस ने एसएसबी 9वीं व 50वीं वाहिनी के जवानों से सामंजस्य बैठाकर प्रयास करें। बाल श्रम को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। बाल भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाने में अन्य संगठनों की मदद ली जाए। पोस्को एक्ट के मामलों के विचाराधीन प्रकारणों में कार्रवाई तेज की जाए। गतिविधियों पर भी विशेष निगरानी की जाए जिससे पोस्को एक्ट में कमी लाई जा सके। एएसपी ने गुमशुदा बच्चों के बारे में जानकारी ली और रेलवे व बस स्टेशनों पर नियमित चेकिंग करने का निर्देश दिया। संवाद

# 24 घंटे संचालित रहेगा कंट्रोल रूम

**बलरामपुर।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम देवीपाटन परिक्षेत्र गोंडा के तहत कंट्रोल रूम की स्थापना की गई। कंट्रोल रूम से गोंडा, बलरामपुर, बहराइच व श्रावस्ती के बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। अधीक्षण अभियंता ललित कुमार ने बताया कि जिले के सभी बिजली उपभोक्ता कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 8004916771 व 8004916772 पर संपर्क कर समस्या का निस्तारण करा सकते है। दोनों मोबाइल की सेवाएं 24 घंटे संचालित रहेंगी। (संवाद)

# महिला आरक्षियों ने लगाई चौपाल

**बलरामपुर।** जिले के सभी कोतवाली व थानों में तैनात महिला आरक्षियों ने शुक्रवार को चौपाल लगाई। एएसपी अरविंद मिश्र ने बताया कि चौपाल के माध्यम से गांव की महिलाओं का सुरक्षा के लिए महिला हेल्पडेस्क 1090 व 112 आदि के बारे में भलीभांति अवगत कराया गया। मोहल्ला खलवा व पहलवारा में नगर कोतवाली व चौकी की महिला आरक्षियों ने चौपाल लगाई। चौपाल में चौकी प्रभारी मेवालाल एसआई जितेंद्र बहादुर सिंह, एसआई ममता सिंह यादव, कन्हैयालाल यादव, संजय कुमार, प्रीति, ज्योति व पूजा वर्मा आदि ने महिलाओं को जागरुक किया। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-07-2021

# चोरी में पांच वर्ष से फरार आरोपी गिरफ्तार किए गए

बहराइच | संवाददाता

हुजूरपुर पुलिस ने अगस्त 2016 में बांसगांव स्थित मोबाइल टावर में बैटरी चोरी मामले में पांच वर्ष से फरार चल रहे चोर को गिरफ्तार किया है। तीन चोर पुलिस चोरी के माल सहित पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। इस फरार आरोपी की लम्बी समय से तलाश की जा रही थी।

हुजूरपुर थाने के बांसगांव स्थित मोबाइल टावर में 24 अगस्त की रात चोरों ने 24 बैटरी चोरी कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया था। तीन चोर भी गिरफ्तार किए गए थे। जिनके पास से चोरी गई बैटरियां, चोरी में प्रयुक्त बाइक व मोबाइल बरामद किया गया था। एक चोर पकड़ा नहीं जा सका था। उसके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की गई थी। शुक्रवार को एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह, सीओ कमलेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में हुजूरपुर एसएचओ निखिल कुमार श्रीवास्तव की ओर से गठित टीम दरोगा संतोष कुमार त्रिपाठी, सिपाही धर्मेन्द्र सरोज, नितीश सिंह, अजय तिवारी, सूरज कुमार मौर्या ने गाजीपुर गुल्हरिया से भिलौरा बासू जगतापुर मार्ग पर कैसरगंज थाने के मंझारा तौकली निवासी रमेश कुमार निषाद उर्फ मिन्टू उर्फ मोटू को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# निष्पक्ष ढंग से चुनाव प्रक्रिया पूरी कराएं : डीएम

बहराइच | **संवाददाता**

ब्लॉक प्रमुख चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराए जाने के मद्देनजर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान डीएम ने उपजिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारियों, क्षेत्र पंचायत के सहायक निर्वाचन अधिकारियों व अन्य अफसरों को जरूरी निर्देश दिए।

- सभी मतदाताओं के साथ निष्पक्ष व्यवहार किए जाने की हिदायत
- महिलाओं को मताधिकार के लिए अनावश्यक रूप से न रोंके



कलेक्ट्रेट सभागार में चुनाव प्रक्रिया को लेकर दिशा-निर्देश देते डीएम व एसपी।

डीएम ने मतदान प्रकिया के दौरान सभी मतदाताओं के साथ निष्पक्ष एवं विनम्र व्यवहार किए जाने की हिदायत दी। कहा कि खासकर महिला मतदाताओं के साथ पूरी विनम्रता एवं सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाय। महिला मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए परिसर में किसी सुरक्षाकर्मी की ओर से अनावश्यक रूप से रोका न जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानन्जय सिंह, जिला विकास अधिकारी राजेश कुमार मिश्र, पीडीडीआरडीए अनिल कुमार सिंह, एसडीएम सदर सौरभ गंगवार आईएएस, नानपारा राम आसरे वर्मा, पयागपुर कीर्ति प्रकाश भारती, कैसरगंज महेश कुमार कैथल, महसी एसएन त्रिपाठी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

सशस्त्र सीमा बल व रुपईडीहा थाने की पुलिस की संयुक्त मुहिम के दौरान बरामदगी

# नेपाल सरहद पर 1.22 करोड़ रुपये की ब्राउन शुगर बरामद

बहराइच | संवाददाता

भारतीय इलाके से तस्करी कर ब्राउन शुगर की पैकिट ले जा रहे तस्कर को नेपाल सरहद पर गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद मादक पदार्थ की अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत एक करोड़ बाइस लाख रुपये आंकी गई है। गहन पूछताछ के बाद केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

रुपईडीहा एसएचओ अशोक कुमार सिंह को गुरुवार की आधी रात को सूचना मिली कि कोई मादक पदार्थ तस्कर सरहद पार मादक पदार्थ की खेप लेकर नेपाल जाने की फिराक में कस्बे के किसी इलाके में मौजूद है। उन्होंने इसकी जानकारी तत्काल अफसरों को दी। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार व सीओ नानपारा जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में दरोगा रुदल बहादुर सिंह, सिपाही वीरेन्द्र गुप्ता, प्रमोद वर्मा को दबिश को भेजा। सशस्त्र सीमा बल की टीम भी साथ लेने के निर्देश दिए। सशस्त्र सीमा बल रुपईडीहा बार्डर आउट पोस्ट पर तैनात एएसआई रामलाल, हेड कांस्टेबल प्रवीण डोकरी, सिपाही राकेश कुमार को साथ लेकर तलाश अभियान शुरू किया गया। सरहद पर भारतीय इलाके में एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। जिसकी तलाशी ली गई, उसके पास से बरामद पॉलिथीन पैकिट में 122 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। गिरफ्तार तस्कर की पहचान इसी थाने के रुपईडीहा कस्बा निवासी सफीक के रूप में हुई। गहन पूछताछ के बाद आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। गहन पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।



रुपईडीहा थाने में बरामद ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार आरोपी। • हिन्दुस्तान

# बिजली चोरी के 28 मामलों में एफआईआर दर्ज

## अंकुश

बहराइच | संवाददाता

बिजली चोरी पर अंकुश व राजस्व वसूली को दुरुस्त किए जाने के मद्देनजर शुक्रवार को अधिशाषी अभियंता इं. मुकेश बाबू के निर्देशन में विभागीय अफसरों व कर्मियों की टीम ने छापेमारी अभियान शुरू किया। इस दौरान 28 बिजली चोरी के मामले पकड़े गए। जिनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। जबकि 5.80 लाख की वसूली भी की गई है। छापेमारी शुरू होते ही उपभोक्ताओं में अफरा-तफरी मच गई।

मध्यांचल विद्युत वितरण मुख्यालय के निर्देश पर शुक्रवार को बिजली महकमें के अफसरों की चार टीमें गठित की गई थीं। उपखण्ड अधिकारी घंटाघर, सहायक अभियंता मीटर, अवर अभियंता प्रवर्तन दल, अवर अभियंता घंटाघर, बशीरगंज, सिविल लाइन, अस्पताल चौराहा व परीक्षण खण्ड व अन्य कर्मचारियों की संयुक्त रूप से छापेमारी शुरू की गई। टीम की ओर से

- नाजिरपुरा मोहल्ले में चोरी के सर्वाधिक मामले सामने आए
- 5.80 लाख की राजस्व वसूली, 59 बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए



शहर के नाजिरपुरा मोहल्ले में बिजली चोरी के विरुद्ध कार्रवाई करते अफसर व कर्मी।

शहर के विद्युत उपकेन्द्र घंटाघर से पोषित 11 केवी तिकोनी बाग हाई लाइन लॉस फीडर की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान 32 खराब मीटरों को बदला गया। तीन उपभोक्ताओं के विद्युत भार बढ़ाए गए। 59 बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए। जबकि बकाएदार उपभोक्ताओं से 5.80 लाख की राजस्व वसूली भी की गई। नाजिरपुरा मोहल्ले में बिजली चोरी करते मिले 28 उपभोक्ताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। एसडीओ विजय कुशवाहा ने बताया कि छापेमारी का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## इन लोगों पर बिजली चोरी में कार्रवाई हुई

**बहराइच।** बिजली महकमें की ओर से नाजिरपुरा मोहल्ले में चेकिंग के दौरान बिजली चोरी करते मिले 28 उपभोक्ताओं पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिसमें मुन्नन अली, मंजूर हसन, नाजनी बेगम, मोहम्मद यूनुस पहलवान, मोहम्मद अरशद, जन्नतुन निशा, नसीम बेगम, हशमत अली, शफी अहमद खान, मुबारक अली, मीना, नूर बेगम के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसके अलावा जमील अहमद, शाहजहां, अब्दुल गफ्फार, अब्दुल कादिर, कल्लन अहमद, जन्नतुन पत्नी मुसई, जमीला खातून, जमील अहमद, मुन्ना, जलील अहमद, नसीरा बेगम, मोहम्मद सईद, दीपक चौधरी, शाहीन, शारिफ अहमद व यासीन मोबाइल शाप सुमैया माल के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# पांच साल से फरार अपराधी को पुलिस ने दबोचा

**संसू, बहराइच :** पांच साल से फरार चल रहे अभियुक्त को हुजूरपुर एसओ ने गुरुवार देर शाम भिलौरा जगतपुरा रोड से गिरफ्तार कर लिया। 2016 में थाने में रमेश कुमार निषाद उर्फ मोटू उर्फ मिंटू निवासी जगतराम मंझारा तौकली कैसरगंज के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। एसओ निखिल श्रीवास्तव ने सूचना के आधार पर एसआइ संतोष त्रिपाठी, आरक्षी धर्मेंद्र सरोज, सूरज मौर्य, अजय तिवारी, नीतीश सिंह के साथ पुल पर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही आरोपित भागने लगा। पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह चोरी की घटना को अंजाम देने आया था।

# भाजपा नेता की पिटाई करने वाले गिरफ्तार

संसू, बहराइच : हुजूरपुर के शुकुलपुरवा में भूमि को लेकर रंजिश को लेकर भाजपा नेता सूरज शुक्ल को दौड़ाकर लाठी-डंडों से पीटने वाले दबंगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ मारपीट, जानमाल की धमकी देने संबंधी मुकदमा दर्ज था।

थानाध्यक्ष निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि छह दिन पूर्व शुकुलपुरवा में कहासुनी के बाद सुभाष मिश्र व रमेश मिश्र ने भाजपा नेता को दौड़ाकर लाठी-डंडों से पीटा था। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था। पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# 1.22 करोड़ की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रुपईडीहा (बहराइच)।** नेपाल में स्मैक की तस्करी करने जा रहे तस्कर को एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को दबोच लिया। तलाशी के दौरान तस्कर के पास से भारी मात्रा में स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय कीमत एक करोड़ 22 लाख रुपये आंकी गई है।

**पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम को मिली सफलता**

भारत-नेपाल सीमा पर स्थित रुपईडीहा बॉर्डर की सुरक्षा में लगे एसएसबी व पुलिस के जवान शुक्रवार को गश्त कर रहे थे। रुपईडीहा थाने में तैनात एसआई रुदल बहादुर सिंह व एसएसबी के एएसआई रामलाल को गश्त के दौरान नेपाल जाते हुए एक युवक दिखाई पड़ा। टीम ने उसे हिरासत में ले लिया। उसके पास से 122 ग्राम स्मैक मिली। रुपईडीहा थानाध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान रुपईडीहा निवासी सफीक के रूप में हुई। संवाद

# पांच साल से फरार वांछित को पुलिस ने दबोचा

**बहराइच।** चोरी के मामले में पिछले पांच साल से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को दबोच लिया। पुलिस ने वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के बांसगांव में मोबाइल टावर है। 2016 में 24 बैट्री व मोबाइल चोरी हो गई थी। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सामान बरामद कर लिया था, लेकिन एक फरार हो गया था। हुजूरपुर थानाध्यक्ष निखिल श्रीवास्तव को मुखबिर से सूचना मिली कि पांच साल से चोरी के मामले में वांछित आरोपी किसी काम से थानाक्षेत्र में आया है। थानाध्यक्ष ने एसआई संतोष कुमार त्रिपाठी को मौके पर भेजा। टीम ने गुलहरिया गाजीपुर से भिलौरा बासू रोड स्थित पुल के पास से वांछित रमेश कुमार निषाद उर्फ मोटू निवासी मझारातौकली, थाना कैसरगंज को गिरफ्तार कर लिया। -संवाद

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-07-2021

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर 34 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** यातायात नियमों की अनदेखी कर सड़कों पर वाहन दौड़ाने वाले चालकों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस की ओर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नियम तोड़ने वालों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

गुरुवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर से सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर कुल 145 वाहनों के कागजात, चालक का डीएल, हेलमेट, तीन सवारी आदि को चेक किया। चेकिंग के दौरान 34 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। नियम तोड़ने वाले सभी वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया गया साथ ही 78 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस दौरान वाहन चालकों में हड़कंप का माहौल बना रहा। नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालक पुलिस को देखकर आसपास की तंग गलियों से होकर गुजरते हुए नजर आए।

# 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस की ओर से अवैध शराब के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर किया। शुक्रवार को गिलौला थानाध्यक्ष अखिलेश पांडेय टीम के साथ अवैध शराब कारोबारियों की धर पकड़ को लेकर क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना पुलिस ने गिलौला अस्पताल चैराहे के पास एक व्यक्ति के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान राम अचल चौहान पुत्र शिव प्रसाद चौहान निवासी गिलौला के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया गया।

# 75 पर कोविड नियम उल्लंघन की कार्रवाई हुई

**श्रावस्ती।** जिले में कोविड के मामले शून्य हो गए हैं और अब एक भी कोरोना के सक्रिय के नहीं है। कोरोना दोबारा से जिले में अपने पांव न पसारे इसके लिए कोविड गाइडलाइन के पालन की अपील की जा रही है। लोगों को दो गज दूरी रखने व नियमित मास्क लगाने के निर्देश हैं। इसके बाद भी कुछ लोग नियमों की धज्जियां उड़ाने से बाज नहीं आते। ऐसे लोगों के विरुद्ध पुलिस अभियान चलाकर नियमों का पालन करे रही है। शुक्रवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर मास्क की चैकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस कुल 67 लोगों को कोविड-19 नियमों का उल्लंघन करती पकड़ा। पकड़े गए व्यक्तियों का चालान काट कर पुलिस की ओर से उनसे कुल 9,900 जुर्माना वसूल किया गया। पुलिस ने लोगों को हिदायत दी कि बिना मास्क के सार्वजनिक स्थानों पर न जाएं।

# दबोचा गया जालसाज

**श्रावस्ती :** कूटरचित दस्तावेज के सहारे जमीन की रजिस्ट्री कराने के मामले में आरोपित इकौना के नत्थापुरवा निवासी सूरजराम को शुक्रवार के मल्हीपुर थानाध्यक्ष दद्दन सिंह ने टीम के साथ गश्त के दौरान दबोच लिया। पूछताछ के बाद जेल भेजा गया है। (संसू)

# लोक अदालत में अधिक मामलों का कराएं समाधान

**श्रावस्ती।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 10 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसकी सफलता के लिए प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला जज ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों का समाधान कराने को कहा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश साकेत बिहारी दीपक ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी व अपर जिला जज उमेश कुमार द्वितीय, प्राधिकारण के प्रभारी सचिव सीजेएम शीतला प्रसाद, सिविल जज प्रवर खंड मृत्युंजय श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, उपायुक्त मनरेगा उपेंद्र कुमार पाठक, सीएमओ डॉ. एपी भार्गव, समाज कल्याण अधिकारी राकेश रमन, अतिरिक्त कार्यक्रम मनरेगा एमएस सिद्दकी आदि मौजूद रहे। बैठक में जिला जज ने मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि 10 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। जिसकी सफलता के लिए अधिक से अधिक मोटर वाहन अधिनियम, भरण पोषण, वैवाहिक पारिवारिक विवाद, राजस्व विवाद, श्रम अधिनियम से संबंधित वाद, शॉप एक्ट, नाप-तोल के मामले, विद्युत अधिनियम,

## जिला जज ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की बैठक



प्रशासनिक व न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक करते जिला जज। संवाद

आबकारी अधिनियम, जिला परिषद एवं नगर पालिका परिषद अधिनियम, उपभोक्ता फोरम के वाद, स्टांप एक्ट, चकबंदी वाद, दाखिल खारिज तथा दीवानी मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किये जाएंगे।

साथ ही फौजदारी लघुवाद का निस्तारण किया जाएगा। प्रिलिटिगेशन वादों का निस्तारण भी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा। अधिक से अधिक प्रिलिटिगेशन मामलों को नियत कर अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण किया जाए। प्रशासनिक अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि वह लंबित प्रिलिटिगेशन वाद एवं वादों की सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में भेजवाना सुनिश्चित करें।

# दुष्कर्मी पिता को आजीवन कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

## अदालत ने आरोपी पर 51 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

**श्रावस्ती।** एक वर्ष से लगातार अपनी पुत्री के साथ मारपीट व दुष्कर्म करने वाले पिता को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इस सजा के तहत आरोपी को 51 हजार रुपये अर्थदंड भी देना होगा। न्यायालय ने नाबालिग बालिका को दो लाख पुनर्वास भत्ता के रूप में देने का आदेश सरकार को दिया है। मामला भिनगा कोतवाली क्षेत्र का है। यह घटना करीब डेढ़ वर्ष पुरानी है।

अपर जिला सत्र न्यायाधीश रेप एलांग विथ पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश परमेश्वर प्रसाद के न्यायालय में शुक्रवार शाम लगभग डेढ़ वर्ष पुराने मामले में फैसला आना था। इस फैसले को सुनने के लिए जितना ही अधिवक्ता उत्सुक थे। उतना ही आम लोग भी। यह मामला एक पिता द्वारा अपनी ही नाबालिग बेटी के साथ लगातार एक वर्ष तक लगातार शराब के नशे में धुत होकर मारपीट करने व दुष्कर्म करने का था। इस मामले की सरकार की ओर से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता क्रिमिनल सत्येंद्र बहादुर सिंह कर रहे थे।

यह मामला भिनगा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। घटना 17 अक्तूबर 2019 की है। जब एक व्यक्ति ने भिनगा कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि उसके मामा अपनी 12 वर्षीय लड़की के साथ लगातार एक वर्ष से शराब के नशे में मारपीट करके जबरन उसके साथ दुष्कर्म कर रहा है। लड़की की मां की मौत हो चुकी है। और उसके मामा ने दूसरा विवाह कर लिया है। इस शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की तो मेडिकल रिपोर्ट में आरोप की पुष्टि हुई।

इसी मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने इसे गंभीरता से लेते हुए पिता को अपनी ही नाबालिग लड़की के साथ मारपीट व दष्कर्म का आरोपी ठहराते हुए उसे आजीवन कारावास के साथ अलग-अलग धाराओं में 51 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न देने पर दो वर्ष एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसके साथ ही न्यायालय ने राज्य सरकार, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व केंद्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण को इस मामले में नाबालिग के पुनर्वास के लिए दो लाख रुपये देने को कहा है।

इस मामले में पैरवी करने वाले एक अन्य अपर जिला शासकीय अधिवक्ता रोहित गुप्ता का कहना है कि पीड़िता को उसकी सौतेली मां अपने घर में रहने नहीं दे रही है। इसी को संज्ञान में लेते हुए न्यायालय ने पुनर्वास के लिए आदेश किया है। आदेश की प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भी भेजी जाएगी। ताकि नालसा व सालसा से आर्थिक सहायता मिल सके।

# धोखाधड़ी का आरोपी दबोचा

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना प्रभारी दद्दन सिंह हमराहियों के साथ गुरुवार रात क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर इकौना तहसील के उत्तर तालाब के किनारे से धोखाधड़ी से जमीन बैनामा कराने वाले वांछित सूरजराम निवासी नत्थापुरवा दाखिला इकौना देहात को गिरफ्तार किया। जिसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। -संवाद

# शांति भंग में 11 गिरफ्तार, 17 वाहनों का चालन

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने गुरुवार रात विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 11 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। वहीं जिला पुलिस ने शुक्रवार विभिन्न चेकपोस्ट व बैरियर पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 119 वाहनों की जांच कर 17 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने शमन शुल्क भी वसूल किया। -संवाद

# पुलिस ने बैंकों की जांची सुरक्षा व्यवस्था

**श्रावस्ती।** बैंकों की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस ने शुक्रवार विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में बैंकों व ग्राहक सेवा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मौजूद लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने नियमित रूप से बैंकों व अन्य सार्वजनिक स्थलों की जांच कर संदिग्धों पर ठोस कार्रवाई का निर्देश दिया है। इसी के क्रम में शुक्रवार को एएसपी बीसी दुबे के नेतृत्व में भिनगा कोतवाली पुलिस ने भिनगा नगर सहित कोतवाली क्षेत्र के बैंकों की सुरक्षा जांची।

वहां लगे सीसीटीवी, सायरन सहित वाहनों की जांच की। इस दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा बैंक में मौजूद लोगों को लेन देने के दौरान बरती जानेवाली सावधानी के प्रति जागरूक किया। साथ ही बैंकों में मौजूद लोगों को अनिवार्य रूप से मास्क लगाने, सामाजिक दूरी का पालन करने व बिना जरूरत घर से बाहर न निकलने की सलाह भी दी। -संवाद